* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

15 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 204

'मन की बात' से प्रेरित कलाकृति देखने गये पीएम मोदी, कैटलॉग संदेश पर किये हस्ताक्षर



WALK-IN-INTERVIEW
A reputed Real Estate company Requires candidates for the position of
1. Receptionist
2. Office Assistant
3. Accountant
Graduate In Commerce With Account Knowledge
4. Office Manager
Exp. of 2 to 3 yrs will be preferred in each position
WALK-IN-INTERVIEW
15-16.05.2023
12.00pm to 4 pm at
House No.- 105, 2nd Floor, Jagriti Bhawan, Opp. Ranchi Nursing Hospital, Ranchi
Mob. No. 7004736443







## बेंगलुरु में विधायक दल की बैठक का फैसला

# सीएम का नाम तय करेगा आलाकमान


- केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में हुआ फैसला
- सिद्धारमैया और शिवकुमार समेत चार नेता रेस में

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के नये सीएम का फैसला पार्टी आलाकमान करेगा। नवनिर्वाचित विधायकों की रविवार को यहां संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बैठक में तीन केंद्रीय पर्यवेक्षक के अलावा सभी विधायक, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी और अन्य नेता उपस्थित थे। होटल शांगरी-ला में करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ने मीडिया को यह जानकारी दी। दोनों ने बताया कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण 18 मई को होगा और इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगी।

### बैठक से पहले चार नेताओं ने की अलग मुलाकात

विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले चार नेताओं ने अलग से बैठक की। इन नेताओं में कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया और केसी वेणुगोपाल शामिल थे। बैठक के बारे में आधिकारिक जानकारी तो नहीं मिली है, लेकिन बाद में शिवकुमार ने कहा कि उनका सिद्धारमैया से कोई मतभेद नहीं है।



### सिद्धारमैया, शिवकुमार के अलावा दो और नेता रेस में

इस बीच जानकारी मिल रही है कि कर्नाटक में सीएम पद की रेस में दो नहीं, चार नाम शामिल हैं। इनमें डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के अलावा एमबी पाटिल और जी परमेश्वर शामिल हैं। कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामलिंगा रेड्डी ने बताया कि इसमें कुछ असामान्य नहीं है। हर पार्टी में लोगों की महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन सिर्फ एक ही सीएम बनता है। कर्नाटक में भी यही होगा।

### शिवकुमार समर्थकों ने की नारेबाजी

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के आवास के बाहर भारी संख्या में समर्थक जमा हो गये और 'हम डीके शिवकुमार को सीएम बनाना चाहते हैं' के नारे लगाने लगे। शिवकुमार के समर्थकों ने बेंगलुरु में पार्टी विधायक दल की बैठक से पहले 'डीके शिवकुमार को सीएम' बनाये जाने के नारे लगाये।

### थोड़ा इंतजार करें : मल्लिकार्जुन खड़गे

इधर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी जायेगी। इसके बाद आलाकमान को मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक सुशील कुमार शिंदे, भंवर जितेंद्र सिंह और दीपक बावरिया बेंगलुरु में हैं। विधायक दल की बैठक के बाद वे अपनी राय हाइकमान से साझा करेंगे और फिर हाइकमान यहां से अपना फैसला भेजेगा। इसमें थोड़ा समय लग सकता है। खड़गे ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा को नकार कर कांग्रेस पार्टी को फिर से सत्ता में लाया है। लोगों ने हमें रिकॉर्ड संख्या में वोट दिये हैं। हम अपने मंत्रिमंडल के गठन के बाद अपने घोषणा पत्र में जनता से किये गये सभी पांच वादों को लागू करेंगे।

## आइसीएसइ 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित

# जमशेदपुर के रुशील बने 10वीं के ऑल इंडिया टॉपर

- 12वीं में लखनऊ की रिया अग्रवाल ने किया टॉप
- 10वीं में 98.94 तो 12वीं में 96.93 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जमशेदपुर।** इंडियन काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आइसीएसइ) ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। 10वीं में 98.94 प्रतिशत और 12वीं में 96.93 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 10वीं कक्षा की परीक्षा में नौ विद्यार्थियों ने 99.80 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। इनमें जमशेदपुर के रुशील कुमार शीर्ष पर हैं। 12वीं कक्षा में पांच विद्यार्थी 99.75 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। लखनऊ की रिया अग्रवाल टॉपर बनी हैं। नतीजों के साथ-साथ पास प्रतिशत और टॉपर लिस्ट भी रिलीज कर दिया गया है। बोर्ड के सचिव गेरी अराथून ने रविवार को कहा कि नतीजे घोषित कर दिये गये हैं और इन्हें करियर्स पोर्टल तथा बोर्ड की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बोर्ड ने फरवरी-मार्च में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित की थीं।



जमशेदपुर के रुशील कुमार।

### लड़कियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

बोर्ड के अनुसार कक्षा 10वीं में 99.21 फीसदी लड़कियों और 98.71 फीसदी लड़कों ने सफलता हासिल की। 12वीं में 98.01 फीसदी लड़कियां और 95.96 फीसदी लड़के सफल रहे।

### क्षेत्रवार रिजल्ट

बोर्ड के अनुसार उत्तर क्षेत्र का रिजल्ट 98.65 प्रतिशत, पूर्व का 98.47 प्रतिशत और पश्चिम का 99.81 प्रतिशत रहा। 12वीं में उत्तर क्षेत्र का रिजल्ट 96.51 प्रतिशत, पूर्व का 96.63 प्रतिशत, पश्चिम का 98.34 प्रतिशत और दक्षिण का 99.20 प्रतिशत रहा।

### ये हैं 10वीं के टॉपर

रुशील कुमार, अनन्या कार्तिक, श्रेया उपाध्याय, अद्वय सरदेसाई, यश मनीष भसीन, तनय सुशील शाह, हिया संघवी अविशी सिंह और संबित मुखोपाध्याय।

### 12वीं के टॉपर

रिया अग्रवाल, इप्शिता भट्टाचार्य मोहम्मद आर्यन तारिक, शुभम कुमार अग्रवाल, मान्या गुप्ता।

# इडी के सवालों में उलझे छवि रंजन, गोवा ट्रिप की बात कबूली

- अब दावेदारों से अलग-अलग होगी पूछताछ, जांच के बाद तय होगा मालिकाना हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इडी द्वारा की जा रही पूछताछ के दौरान वह कई सवालों पर अटक जा रहे हैं, तो कई सवालों पर उलझते भी रहे। अब तक की पूछताछ में इडी को जो जानकारी मिली है, वह आइएएस छवि रंजन के खिलाफ ही जा रही है। छवि रंजन के खिलाफ इडी के पास पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने कारोबारी विष्णु अग्रवाल के खर्च पर गोवा जाने और दूसरे कई आरोपों को कबूल कर लिया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि विष्णु अग्रवाल ने उनका खर्च क्यों उठाया था या इसके बदले उन्होंने कारोबारी की क्या मदद की थी। इडी ने कागजातों के आधार पर जब सवालों की बौछार शुरू की, तो छवि रंजन उन्हें टालते रहे। सेना के कब्जे वाली जमीन और बजरा की जमीन के बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने दो बार संबंधित पक्षों से कागजात प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन किसी ने कागजात पेश नहीं किये। इस कारण उन्हें मजबूरी में आदेश पारित करना पड़ा।



### सेना के कब्जेवाली जमीन के सभी दावेदारों को नोटिस

इस बीच रांची में सेना के कब्जे वाली जमीन के मामले में अब नया मोड़ आया है। इडी अब उन सभी लोगों को नोटिस भेज रही है, जो जमीन का मालिक होने का दावा कर रहे हैं। इस पूछताछ और जांच के बाद यह तय किया जायेगा कि जमीन का असली मालिक कौन है। इतना ही नहीं, इडी 4.55 एकड़ रकबा वाली इस जमीन को जब्त करेगी। वहीं सदर थाना क्षेत्र के चेशायर होम रोड में स्थित एक एकड़ की विवादित जमीन को भी इडी जब्त करेगी। इसकी तैयारी की जा रही है। मालिकाना हक का फैसला होने के बाद जमीन को मुक्त किया जायेगा।

## चुनाव नतीजों के अगले दिन केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

# कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद होंगे सीबीआइ निदेशक

- दो महीने पहले कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने उन्हें नालायक कहा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद को सीबीआइ का निदेशक नियुक्त किया है। रविवार को इस आशय का आदेश जारी किया गया। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले दिन जारी इस आदेश के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के आइपीएस अधिकारी प्रवीण सूद दो साल तक इस पद पर रहेंगे। वह मई 2024 में रिटायर हो रहे हैं, लेकिन इस नियुक्ति के साथ ही उनका कार्यकाल मई 2025 तक बढ़ गया है। सीबीआइ के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है। इसी दिन सूद ज्वाइन कर सकते हैं।



**सीबीआइ निदेशक की चयन प्रक्रिया :** सीबीआइ निदेशक के चयन के लिए प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और लोकसभा में विपक्ष के नेता की मीटिंग में नाम फाइनल होता है। इसके बाद गृह मंत्रालय से निर्देश मिलने के बाद डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग आदेश जारी करता है। 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग हुई थी। इसमें सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़, और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल हुए थे। इसके बाद तीन नाम शॉर्टलिस्ट किये गये थे। इसमें सूद के अलावा मध्य प्रदेश के डीजीपी सुधीर सक्सेना और सीनियर आइपीएस ताज हासन का नाम शामिल था। आखिरकार सूद के नाम पर सहमति बनी।

**कांग्रेस नेता शिवकुमार ने नालायक कहा था :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले 14 मार्च को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने उन्हें नालायक कहा था। शिवकुमार ने कहा था कि हमारे डीजीपी इस पद के लायक नहीं हैं। वह तीन साल से डीजीपी हैं, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं। उनके खिलाफ एफआइआर होनी चाहिए। शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि सूद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर 25 केस दर्ज किये, लेकिन भाजपा नेताओं पर एक भी केस दर्ज नहीं किया। हमने चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। उन्होंने प्रवीण सूद की गिरफ्तारी की मांग की थी। शिवकुमार ने कहा था कि चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनी, तो सूद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**प्रवीण सूद हिमाचल के हैं, 22 साल की उम्र में आइपीएस बने :** प्रवीण सूद हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले हैं। उनके पिता ओम प्रकाश सूद दिल्ली सरकार में क्लर्क थे, जबकि मां कमलेश सूद दिल्ली के सरकारी स्कूल की टीचर थीं। सूद की स्कूलिंग दिल्ली के सरकारी स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने आइआइटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। 1986 में वह 22 साल की उम्र में आइपीएस बने। उन्हें कर्नाटक कैडर मिला। सर्विस के दौरान ही उन्होंने आइआइएम बेंगलुरु से पब्लिक पुलिस मैनेजमेंट में एमबीए पूरा किया। पुलिस सेवा के शुरुआती दौर में वह बेल्लारी और रायचुर में एसपी रहे। इसके अलावा बेंगलुरु और मैसूरु में वह डीसीपी भी रहे। सूद को 1996 में सीएम की ओर से गोल्ड मेडल मिल चुका है। इसके अलावा 2002 में पुलिस पदक और 2011 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस पदक दिया गया था। जून 2020 में प्रवीण सूद कर्नाटक के डीजीपी बनाये गये थे।

**बेटी आशिता ने क्रिकेटर मयंक अग्रवाल से शादी की :** प्रवीण सूद की पत्नी विनीता सूद सामाजिक उद्यमी हैं। उनकी दो बेटियां हैं। एक बेटी आशिता सूद लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। आशिता ने क्रिकेटर मयंक अग्रवाल से 2018 में सगाई की और 2022 में शादी कर ली। मयंक अग्रवाल बेंगलुरु के रहने वाले हैं। वह घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक के लिए खेलते हैं। मौजूदा आइपीएल सीजन में वह सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से खेल रहे हैं। मयंक ने टीम इंडिया के लिए 21 टेस्ट मैचों में 1488 रन और पांच वनडे मैचों में 86 रन बनाये हैं।

## बांग्लादेश और म्यांमार के तट से टकराया 'मोचा'

**कोलकाता।** भीषण चक्रवाती तूफान 'मोचा' रविवार को बांग्लादेश और म्यांमार के तटीय इलाकों पर पहुंच गया। इससे पहले ये पांचवीं कैटेगरी के भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो चुका था। 'मोचा' तूफान, बांग्लादेश और म्यांमार को बांटने वाली नाफ नदी के जरिए आगे बढ़ते हुए टेकनाफ तटरेखा पर दोपहर के समय टकराया। बांग्लादेश के मौसम विभाग के प्रवक्ता एकेएम नजमुल हुदा ने बताया कि 'मोचा' चक्रवात का केंद्र बिंदु अपने अनुमानित समय से पहले रविवार को दोपहर के कुछ ही देर बाद नाफ नदी से होते हुए टेकनाफ तटरेखा पर पहुंच गया। बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी कॉक्स बाजार के टेकनाफ उप-जिले के प्रशासनिक प्रमुख मोहम्मद कमरुज्जमां ने कहा कि टेकनाफ और बंगाल की खाड़ी के पास इसके दक्षिणी भाग शाहपोरी डिप में 200 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। चक्रवात के कारण भारी बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं। इससे बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों में खतरनाक बाढ़ आ सकती है।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# कर्नाटक ने राहुल गांधी को बना दिया 'हीरो'

## ▪ भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव ने परिपक्व बनाया कांग्रेस के युवराज को

## ▪ विपक्षी दलों के खेमे में अचानक से कई गुना बढ़ गया राजनीतिक कद

## ▪ ममता-नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा को लगा झटका

आजाद सिपाही विशेष

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली बंपर जीत के बाद जिस एक व्यक्ति को इस सफलता का सबसे अधिक श्रेय दिया जा रहा है, वह हैं राहुल गांधी। पिछले साल सितंबर से पांच महीने तक भारत जोड़ो यात्रा करने के बाद मानहानि के एक मामले में सजायाफ्ता होने और इस कारण सांसदी के अयोग्य ठहराये जा चुके कांग्रेस के इस नेता को कर्नाटक ने एक झटके में 'हीरो' बना दिया है। वास्तव में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने जितनी मेहनत की और जिस अंदाज में अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया, उससे साफ हो गया है कि भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों ने उन्हें बहुत परिपक्व बना दिया है। पूरे प्रचार अभियान के दौरान राहुल लोगों से निजी संपर्क बढ़ाते रहे और बड़ी-बड़ी रैलियों-सभाओं और रोड शो के बदले छोटे स्तर पर समूहों से मिले। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उन्होंने कर्नाटक में ही बिताया था, इसलिए उन्हें यहां की जमीनी हकीकत का पता था। राहुल गांधी में सबसे बड़ा बदलाव देखने को यह मिला कि पूरे प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने कोई ऐसी बात नहीं कही, जिसका कोई गलत मतलब निकाला जा सके। इसलिए राहुल गांधी का कद अब स्वाभाविक रूप से विपक्षी खेमे में बहुत बड़ा हो गया है। यह उनकी बड़ी कामयाबी तो है ही, इसका एक असर यह भी हुआ है कि उनके बढ़े कद से नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रपों की महत्वाकांक्षा को झटका लगा है। कर्नाटक में मिली जीत के बाद कांग्रेस और राहुल गांधी के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्षी एकता की धुरी बनने और 2024 में उसे कायम रखने की है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम की पृष्ठभूमि में राहुल गांधी के राजनीतिक कद का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बंपर जीत से कांग्रेस की बल्ले-बल्ले हो गयी है। पिछले एक दशक में कई चुनावों में बुरी तरह शिकस्त झेलने वाली देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी को पहले हिमाचल प्रदेश और फिर कर्नाटक में जीत मिलना किसी बूस्टर डोज से कम नहीं है। लगातार दो चुनावों में जीत मिलने से विपक्ष में भी कांग्रेस का पलड़ा भारी हुआ है। लेकिन कर्नाटक चुनाव ने कांग्रेस के जिस एक नेता को राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर मजबूती से स्थापित कर दिया है, उसका नाम राहुल गांधी है। कर्नाटक चुनाव से पहले तक विरोधियों की ओर से भारतीय राजनीति के 'पप्पू' कहे जानेवाले राहुल गांधी ने कर्नाटक में साबित कर दिया कि उन्हें भारत जोड़ो यात्रा ने काफी परिपक्व बना दिया है, उनकी राजनीतिक समझ कई गुना बढ़ गयी है।

कर्नाटक चुनाव को अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव से पहले का लिटमस टेस्ट भी माना जा रहा था। जिस तरह से पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा ने कर्नाटक में जोरदार चुनाव प्रचार किया,उसके बाद भी कांग्रेस ने कर्नाटक में बड़ी जीत हासिल कर अपने कार्यकर्ताओं में नयी जान फूंक दी है। तमाम कांग्रेसी इस जीत का श्रेय राहुल गांधी को दे रहे हैं। कांग्रेस पिछले एक दशक से राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही है। 2014 के बाद से अब तक 50 से ज्यादा चुनावों में कांग्रेस को हार मिली, लेकिन पिछले छह महीने के अंदर यह कांग्रेस की दूसरी बड़ी जीत है। पहले हिमाचल प्रदेश में उसने भाजपा से सत्ता छीनी और अब कर्नाटक में उसने शानदार जीत हासिल की। कर्नाटक की इस जीत के बाद ढोल की थाप पर जीत का जश्न मनाया गया। पार्टी दफ्तर में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत हुआ। जैसे ही कर्नाटक में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हुई, राहुल गांधी दिल्ली में पार्टी दफ्तर पहुंचे और मीडिया के सामने आकर छह बार नमस्कार बोले। इसके बाद उन्होंने सीधे कर्नाटक की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं को धन्यवाद और बधाई दी। राहुल ने कहा, कर्नाटक में नफरत की हार हुई है और मुहब्बत की जीत हुई है।



कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के साथ देश का राजनीतिक नक्शा भी बदल गया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों ने तय कर दिया है कि भाजपा भारत के मानचित्र पर कांग्रेस मुक्त अभियान चला रही थी, उसके उलट अब कांग्रेस के शासन वाले राज्यों में कर्नाटक भी जुड़ गया है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार चला रही है। झारखंड और बिहार में भी महागठबंधन की सरकार है।

### विपक्षी एकता की धुरी बन सकते हैं राहुल

कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने राहुल गांधी को एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला दिया है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद जिस तरह उन्होंने अपना अंदाज बदला था, उसका असर शुरू ही हुआ था कि सूरत की अदालत द्वारा मानहानि के मामले में सजायाफ्ता होने और इस कारण सांसदी से अयोग्य ठहराये जाने के बाद 2024 में उनकी मौजूदगी पर संदेह व्यक्त किया जाने लगा था। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई विपक्षी नेताओं के कांग्रेस के साथ आने और राहुल को नेता मानने में हिचकिचाहट हो रही थी। अखिलेश यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने का पहले ही एलान कर चुके हैं, तो ममता भी 'एकला चलो' की भूमिका में हैं। अब कर्नाटक में जीत के बाद तमाम विपक्षी दल कांग्रेस के साथ गठबंधन में आ सकते हैं और राहुल गांधी इसकी धुरी बन सकते हैं।

### भाजपा के खिलाफ गठबंधन को मिलेगी मजबूती

इसमें कोई दो राय नहीं है कि कांग्रेस ने बढ़त हासिल कर ली है और कर्नाटक ने 2024 की तैयारी में लगी भाजपा को झटका दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस इस मनोवैज्ञानिक खेल में कब तक बढ़त बनाये रखती है। सवाल यह भी था कि भाजपा के खिलाफ जो महागठबंधन बनाने की कवायद चल रही है, उसका नेतृत्व कौन करेगा, लेकिन कर्नाटक की जीत से तय हो गया है कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी चेहरे के चयन की बात आयेगी, तो इसमें राहुल गांधी एक कदम आगे निकल गये हैं। यह भी सच है कि भले ही कर्नाटक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने मेहनत की, प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में गयी थीं, लेकिन अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस दूर तलक ले जायेगी।

### नीतीश और ममता के अरमानों पर फिरा पानी

कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से पूरा विपक्ष गदगद दिख रहा है। अखिलेश यादव से लेकर ममता बनर्जी तक ने कांग्रेस को बधाई दी है। कांग्रेस की जीत से विपक्षी दलों में उम्मीद जगी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को एकतरफा बढ़त नहीं है। यदि बेहतर रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरा गया, तो कोई बदलाव हो भी सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि जहां एक तरफ नीतीश और ममता जैसे नेता कांग्रेस की जीत से खुश हैं, तो व्यक्तिगत तौर पर उनके लिए यह जनादेश किसी झटके से भी कम नहीं है। दरअसल इन सभी नेताओं के बारे में ये चर्चाएं चलती रहती हैं कि इनकी ख्वाहिश भी प्रधानमंत्री बनने की है। भले ही आधिकारिक रूप से नीतीश कुमार इससे इनकार करते रहे हों, लेकिन माना जाता है कि एनडीए से अलग होकर उनके विपक्ष के साथ आने के पीछे प्रमुख वजह यही है, लेकिन अब कर्नाटक नतीजों से साफ है कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों में राहुल गांधी या फिर कांग्रेस का ही दबदबा रहने वाला है। सीट बंटवारे से लेकर पीएम उम्मीदवारी तक में नेतृत्व की भूमिका में कांग्रेस ही रहनेवाली है। इससे नीतीश, ममता सरीखे नेताओं के अरमानों पर पानी भी फिरता दिखायी दे रहा है। वहीं, चुनावी जीत से राहुल गांधी का भी न सिर्फ कांग्रेस के भीतर, बल्कि पूरे विपक्ष में कद बढ़ गया है। ऐसे में कांग्रेस पीएम उम्मीदवारी के लिए राहुल का भी नाम आगे कर सकती है। मालूम हो कि कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पीएम उम्मीदवारी के नाम पर राहुल गांधी के नाम का जिक्र करते रहे हैं। अब यह समय ही बतायेगा कि क्या विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में अगला लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए राजी होता है या कोई नयी रणनीति बनायी जायेगी।

---

# भोला पांडेय गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

**बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि की हत्या में थे शामिल, एटीएस ने की गिरफ्तारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कार्रवाई करते हुए भोला पांडेय गिरोह के दो हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने रविवार को राजधानी के पुंदाग ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर गिरोह के अपराधी पतरातू निवासी सुभाष कुमार सिंह उर्फ बाघा और मोहम्मद इरशाद को गिरफ्तार किया है। बीते महीने रामगढ़ जिले के पतरातू में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या और हर-देव निर्माण फायरिंग मामले में दोनों शामिल थे। एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुंदाग इलाके में गिरोह के दो अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद हुए हैं।

### अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि की हुई थी हत्या

रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती में 25 फरवरी की रात अज्ञात अपराधियों ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रात के आठ बजे के करीब अज्ञात अपराधियों ने बितका बाउरी को गोली मार दी थी और फरार हो गये थे। गोली लगने के बाद स्थानीय लोग तुरंत उसे भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले गये थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

# नक्सलियों का बंद शुरू, अलर्ट पर झारखंड पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा में मारे गये पांच नक्सलियों के विरोध में भाकपा माओवादी संगठन द्वारा आहूत उत्तर भारत बंद रविवार आधी रात को शुरू हो गया है। नक्सलियों के बंद को देखते हुए पूरे झारखंड में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गयी है। लोहरदगा, चतरा, लातेहार, चाइबासा, खूंटी, पलामू और गढ़वा में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इन जिलों के एसपी द्वारा सभी जवानों को चौकस रहने के साथ अति संवेदनशील इलाकों में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया गया है।

### पुलिस बलों पर हमला करने की साजिश रची गयी है

खुफिया विभाग को सूचना मिली है कि बंद के दौरान माओवादियों द्वारा पुलिस बलों पर हमला करने की साजिश रची गयी है। राज्य पुलिस की विशेष शाखा के एसपी ने पूरे मामले में राज्य के सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

# हटिया-झारसुगुड़ा एक्सप्रेस ट्रेन 15 से 18 मई तक रद्द रहेगी

**नॉन इंटरलॉकिंग के कारण हुई है परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर मंडल के नुआगां स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग के कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया- झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस 15 से 18 मई तक रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18106 जयनगर-राउरकेला 14 और 17 मई को राउरकेला के स्थान पर हटिया तक ही आयेगी।

वहीं, ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस 16 और 18 मई को राउरकेला के स्थान पर हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस 14 और17 मई को अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से पुणे से प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 15 मई को अपने निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से सूरत से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 15, 16 और 18 मई को अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से संबलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18310 जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस 14 और 16 मई को अपने निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी।

# अन्नु का शव मिला, सौतेली मां और पिता हिरासत में

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के हमीदनगर ब्लॉक मैदान के पास रविवार को अन्नु अंसारी उर्फ मोटू (13) का शव मिला। शक के आधार पर पुलिस ने उसके सौतेले पिता हकीम अंसारी और मां को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को पहले सूचना मिली थी कि हमीदनगर निवासी हकीम अंसारी के पुत्र अन्नु अंसारी ने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया है। पिता और सौतेली मां असमीना खातुन को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद खुलासा होगा कि नाबालिग ने आत्महत्या की है या फिर रस्सी के सहारे गला दबा कर हत्या की गयी है।

### हवलदार रैंक के 72 पुलिसकर्मियों को मिलेगा एसीपी और एमएसीपी का लाभ

**रांची।** झारखंड में हवलदार रैंक के 72 पुलिसकर्मियों को एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (एसीपी) और मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (एमएसीपी) का लाभ मिलेगा। केंद्रीय चयन परिषद की बैठक में हवलदार रैंक के 89 पुलिसकर्मियों के नाम पर विचार किया गया, इनमें 72 पुलिसकर्मियों को एसीपी और एमएसीपी के लाभ की स्वीकृति दी गयी।

# उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन अब 19 तक




**परीक्षा तिथि की घोषणा जल्द, प्रतिभा आधारित होगा नामांकन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब 19 मई तक आवेदन लिये जायेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 मई को चयन परीक्षा होनी थी, जिसे स्थगित करते हुए अभी इस तिथि तक आवेदन ही लिये जायेंगे। परीक्षा जैक की ओर से ली जायेगी। इसकी तिथि 19 मई के बाद जारी की जायेगी। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए संबंधित जिला के डीइओ कार्यालय से आवेदन लिये जा सकते हैं।

### ऐसे होगा नामांकन

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 मई है। इस तारीख के बाद दिये गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। बच्चों का नामांकन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। यह परीक्षा विद्यालय स्तर पर होगी, जिसके रिजल्ट के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। नामांकन से संबंधित प्रक्रिया में किसी भी तरह का संशोधन का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। वहीं नामांकन में जिला चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

### प्रतिनियुक्त होंगे शिक्षक

इन उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति पहले कांट्रैक्ट पर होनी थी। पर अब इनकी नियुक्ति डिपूटेशन के रूप में होगी। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने बताया कि ऐसे छह सौ शिक्षकों की लिस्ट तैयार की गयी है। इनमें से आवश्यकतानुसार शिक्षकों को स्कूलों में प्रतिनियुक्त किया जायेगा। ये वो शिक्षक हैं, जो सरकारी सेवा में आने से पहले सीबीएसइ या आइसीएसइ बोर्ड में काम कर रहे थे।

### रांची के इन पांच स्कूलों में इतनी सीटों पर होगा नामांकन

**स्कूल का नाम**

**टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर**

**सीटें**

कक्षा छह : 40
कक्षा सात : 32
कक्षा आठ : 15
कक्षा नौ : 80
कक्षा 11 (कला) : 80

**अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल**

कक्षा छह : 80
कक्षा सात : 65
कक्षा आठ : 48
कक्षा नौ : 13
कक्षा 11 (कला) : 80
कक्षा 11 (विज्ञान) : 80
कक्षा 11 (वाणिज्य): 40

**राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू**

कक्षा छह : 80
कक्षा 11 (कला) : 120
कक्षा 11 (विज्ञान) : 40
कक्षा 11 (वाणिज्य) : 40

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नामकुम**

कक्षा छह : 25

मॉडल स्कूल कांके

कक्षा 11 (विज्ञान) : 40
कक्षा 11 (वाणिज्य) : 40
कक्षा 11 (कला) : 40

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.2 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |



## दुखद : आदिवासी समाज की रीढ़ थे डॉ करमा उरांव

# प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ करमा उरांव नहीं रहे




डॉक्टर करमा उरांव। फाइल फोटो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी समाज की रीढ़, प्रख्यात मानवशास्त्री और शिक्षाविद् डॉक्टर करमा उरांव का रविवार सुबह निधन हो गया। वह 72 साल के थे। बीते कुछ दिनों से उनका इलाज रांची के मेदांता हॉस्पिटल में चल रहा था। डॉ करमा उरांव का अंतिम संस्कार 15 मई सुबह 10 बजे मोरहाबादी के एदेलहातु स्थित मसना में किया जायेगा। डॉ करमा उरांव वर्तमान में सरना धर्म कोड सहित झारखंड की कई समस्याओं को लेकर आंदोलनरत थे। वह 12 से अधिक देशों का भ्रमण कर दुनिया का मार्गदर्शन कर चुके थे। उनका जाना आदिवासी समाज सहित झारखंड, भारत और पूरी दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के कारण वह हमेशा सबके दिलों में अमर रहेंगे।

### अन्य नेताओं और संगठनों ने दुख प्रकट किया

झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की, आदिवासी विकास परिषद की अध्यक्ष पूर्व मंत्री गीता कोड़ा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, बबलू मुंडा, प्रेम शाही मुंडा, पूर्व मंत्री देवकुमार धान, निरंजन हेरेंज, लक्ष्मी नारायण मुंडा, शिवा कच्छप, कुंदरसी मुंडा, रवि तिग्गा, प्रो हरि उरांव, नारायण उरांव, एस अली, झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित संगठन एवं नेताओं ने डॉ करमा उरांव को श्रद्धांजलि दी है।

### सीएम हेमंत सोरेन सहित कई नेताओं ने शोक प्रकट किया



शिक्षाविद और झारखंडी मुद्दों को लेकर मुखर रहे आंदोलनकारी डॉ करमा उरांव के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई राजनेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर लिखा कि महान शिक्षाविद तथा आदिवासी उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहने और चिंतन करनेवाले डॉ करमा उरांव जी के निधन का दुखद समाचार मिला। डॉ करमा उरांव जी से कई विषयों पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से आज मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### बाबूलाल मरांडी ने भी शोक संवेदना जतायी

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने भी शिक्षाविद डॉ करमा उरांव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि आदिवासी संस्कृति और समाज के उत्थान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे प्रख्यात मानवशास्त्री और शिक्षाविद् डॉ करमा उरांव जी के निधन की दुखद सूचना प्राप्त हुई। भाषा, संस्कृति और समाज के लिए उनके उल्लेखनीय कार्य सदैव लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। ईश्वर आपको अपने श्रीचरणों में स्थान दें। विनम्र श्रद्धांजलि।

### डॉ करमा उरांव का निधन अपूरणीय क्षतिः बंधु तिर्की



रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि विद्वान, प्रखर शिक्षाविद और सफल नेतृत्वकर्ता डॉ करमा उरांव का निधन झारखंड के लिए वैसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन और मानवशास्त्र विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने रांची विश्वविद्यालय को एक नयी दिशा दी। श्री तिर्की ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण के पहले से लेकर झारखंड के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक जागरण में भी डॉ करमा उरांव का अतुलनीय योगदान है और इसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

### डॉ करमा उरांव का निधन झारखंडियों के लिए अपूरणीय क्षतिः राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने मानव शास्त्री और शिक्षाविद डॉ करमा उरांव के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दुख को सहन करने की शक्ति उनके परिवार और उनके शुभचिंतकों को दें। उन्होंने कहा कि डॉ करमा उरांव एक मिलनसार व्यक्ति थे और झारखंडियों के अधिकारों के प्रति हमेशा आवाज उठाते रहे।

### निलंबित कांग्रेसियों ने शिक्षाविद डॉ करमा उरांव के असामयिक निधन पर दुख प्रकट किया



रांची। कांग्रेस पार्टी से निलंबित/निष्कासित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं फिरोज रिजवी मुन्ना ने महान शिक्षाविद् डॉ करमा उरांव के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना और दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में कहा कि महान शिक्षाविद् औरमानव शास्त्री डॉ करमा उरांव आदिवासी समाज के सबसे बड़ी हितैषी एवं शुभचिंतक थे। उनके असामयिक निधन से राज्य के एक शिक्षाविद एवं कुशाग्र व्यक्तित्व ने अपनी अंतिम सांस ली है। ईश्वर उनकी आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें।

# बाबूलाल मरांडी का सीएम हेमंत को पत्र, जमीन लूट की जांच सीबीआइ से करायें

> जमीन महाघोटाले की जांच अकेले इडी के बस की नहीं, हाइकोर्ट जज की अध्यक्षता में आयोग बनायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। यह पत्र जमीन घोटाले की जांच के संबंध में है। उन्होंने अपने पत्र में साफ-साफ लिखा है कि राज्य में जिस तरह से जमीन घोटाले की बात राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों से आ रही है, ऐसे में जमीन महाघोटाले की जांच या इसका पूरा पर्दाफाश अकेले इडी के बस का नहीं है। उन्होंने पत्र लिख कर आग्रह किया है कि जमीन घोटाले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को दिया जाये। अगर ऐसा संभव नहीं है, तो हाइकोर्ट के सीटिंग जज की अध्यक्षता में आयोग या कमीशन बनाने का आदेश दें। फिर इस कमीशन को जांच करने का आदेश दें।

### राज्य गठन से अब तक की करायें जांच

पत्र में मरांडी ने लिखा है कि राज्य विभाजन यानी मेरे मुख्यमंत्रित्व काल से लेकर अब तक के सारे जमीन हस्तांतरण, म्यूटेशन और जमीन कब्जा करने/कराने के मामलों की जांच करायें। सीबीआइ को जांच की जिम्मेदारी दें या उच्च न्यायालय के सीटिंग जज की अध्यक्षता में जांच आयोग बना कर जांच कराने का आदेश दें, ताकि झारखंड की जनता को यह पता तो चल सके कि किन लोगों ने किस-किस के सहयोग से झारखंड को जमीन लूट महाखंड बनाने का काम किया है। उन्होंने लिखा कि आपके द्वारा उठाया गया यह कल्याणकारी कदम झारखंड की साढ़े तीन करोड़ की जनता के हित में सबसे बड़ा काम होगा।

### राज्य के कई जिलों में माफिया सक्रिय

अपने पत्र में मरांडी ने बताया है कि इडी की ओर से की जा रही मनी लॉड्रिंग की जांच आगे बढ़ने से कई हैरान करनेवाली जानकारियां सामने आ रही हैं। राज्य में अब यह बात भी सामने आने लगी है कि रांची ही नहीं, बल्कि राज्य के कई जिलों में ऐसे कई जमीन माफिया सक्रिय हैं, जिन्होंने जमीन के कागजातों के रख-रखाव में सरकारी सिस्टम की कमजोरी और कमी का फायदा उठा कर जालसाजी, हेराफेरी के बल पर सरकारी, गैर सरकारी, गरीब, पिछड़े, दलित, आदिवासियों की जमीन लूट का कीर्तिमान कायम किया है।

### सिंडिकेट सक्रिय

मरांडी ने लिखा है कि सरकारी सिस्टम की कमी का फायदा उठा कर कर जालसाजी में माहिर हर्षद मेहता, अब्दुल करीम तेलगी टाइप काम करनेवाले कई जमीन माफियाओं ने दलाल, बिचौलिया, जालसाज, गुंडे, प्रशासन, पुलिस और सत्ता संरक्षित नीचे से ऊपर तक बैठे कुछ बेइमान लोगों का सिंडिकेट बना कर इन कामों को अंजाम दिया है, ताकि विरोध में उठनेवाली हर आवाज को किसी भी स्तर पर दबाया जा सके। उन्होंने पत्र में गिरिडीह के एक केस का हवाला देते हुए लिखा है कि जमीन माफिया ने विरोध करनेवाले एक व्यक्ति को धारा 107 में जेल भिजवा कर चार महीने जेल में रखवा दिया। कल्पना करिये, भला कौन दूसरा आदमी ऐसे जमीन माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत करेगा या सोचेगा?

### दाहू यादव के खिलाफ इडी में शिकायत करने पर महिला को मिल रही धमकीः मरांडी



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साहिबगंज के दाहू यादव के मामले में झारखंड पुलिस उदासीनता बरत रही है। साथ ही उन्होंने उसके खिलाफ इडी में शिकायत करने और गवाही देनेवाली एक महिला की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जतायी है। सोशल मीडिया के जरिये इसे साझा भी किया है। मरांडी ने कहा है कि उस महिला को दाहू यादव के गुर्गे धमकी दे रहे हैं। उनके मुताबिक सूत्र बताते हैं कि गैंग्स ऑफ साहिबगंज गिरोह का मेंबर अपराधी दाहू यादव को पुलिस नहीं पकड़ रही है। इसका कारण है कि उसके पकड़े जाने पर वह मुंह खोल कर प्रवर्तन निदेशालय को वहां के सरगना पंकज मिश्रा समेत लूट के सारे सरकारी-गैर सरकारी हिस्सेदारों के बारे में सब कुछ बता देगा। इसके लिए दाहू ने पुलिस को चेतावनी तक दे रखी है। दाहू की चेतावनी से पुलिस और प्रशासन के उन अफसरों की सांस फूल रही है, जो दाहू के अपराध और काली कमाई के हिस्सेदार रहे हैं। बाबूलाल के मुताबिक यही वजह है कि पुलिस ने दाहू के कुर्की-जब्ती की सिर्फ खानापूर्ति की। उसके ह्वाइट हाउस, होटल और उसके कब्जे वाले विवादित मकानों समेत उसके दूसरी संपत्तियों को हाथ तक नहीं लगाया है। दूसरी तरफ पुलिस की मदद से दाहू उन लोगों को परेशान कर रहा है, जो उसके खिलाफ एऊके गवाह हैं या गवाहों को मदद कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी के अनुसार उन्हें बताया गया है कि स्वीटी पैलेस के मामले में दाहू के खिलाफ इडी में शिकायत करने वाली महिला के एक सहयोगी को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। महिला पर इडी में दी गयी गवाही से मुकरने वरना जान से मार देने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में झारखंड पुलिस के डीजीपी और इडी को संज्ञान लेने की भी अपील बाबूलाल ने की है। गृह मंत्रालय को भी टैग करते इस पर ध्यान देने को कहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

### डॉ करमा उरांव के निधन पर आमया ने शोक व्यक्त

रांची। डॉ करमा उरांव के निधन पर झारखंड छात्र संघ और आमया संगठन ने शोक व्यक्त किया और उनके आवास पर जाकर पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। संगठन के अध्यक्ष एस अली ने इसे व्यक्तिगत क्षति के साथ झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डा करमा उरांव के नेतृत्व में छात्र-युवाओं के अधिकारों के सवालों पर 2009 से उनके साथ अनेकों आंदोलन में शामिल रहा। करमा उरांव आदिवासी मूलवासी एकता के प्रतीक थे और उनकी अंतिम इच्छा राज्य में खतियान आधारित स्थानीय नीति का निर्माण था। इस मौके पर आमया संगठन के संयोजक इस्मे आजम आदि शामिल थे ।

# 6 जुलाई को नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना का निर्णय

> वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू और संचालन प्रधान महासचिव वीरेंद्र कुमार ने किया। तय किया गया कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, आंदोलन जारी रहेगा।

**आगामी कार्यक्रम :** 28 मई को रांची में प्रमंडलीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। 7 जून को भुरकुंडा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 6 जुलाई को नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किये गये।

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, परशुराम प्रसाद, सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद साहू, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, रामाशंकर राजन, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य नरेश साव, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लूट की हो उच्चस्तरीय जांचः दीपक प्रकाश

> कहा-योजना की लूट में जिस पदाधिकारी का नाम आ रहा है, वह आज जमीन घोटाला मामले में इडी की कार्रवाई के तहत जेल में



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रविवार को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में हुए व्यापक घोटाले को लेकर हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार में बच्चियों की न जान सुरक्षित है, न इज्जत और न ही उनके पैसे सुरक्षित हैं। किशोरी समृद्धि योजना में राज्यभर में हुए घोटाले के संबंध में मीडिया में छपी रिपोर्ट पर प्रकाश ने कहा कि जहां की अनियमितताएं आज उजागर हुई हैं, यह मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र का जिला है। जिस क्षेत्र की जनता ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के लायक बनाया, उस जिले, विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी इतने दुस्साहसी और भ्रष्ट हैं, तो फिर पूरे राज्य की क्या स्थिति होगी। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लूट में जिस पदाधिकारी का नाम आ रहा है, वह आज जमीन घोटाला मामले में इडी की कार्रवाई के तहत जेल में है। प्रकाश ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के इस प्रकार के घोटाले नहीं हो सकते। किशोरी समृद्धि योजना का घोटाला केवल एक जिले में नहीं, बल्कि सभी जिलों में हुए हैं। इसलिए इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

## मई के दूसरे सप्ताह में जारी होना था चार नियुक्तियों का विज्ञापन

# जेएसएससी लागू नहीं कर पाया एग्जामिनेशन कैलेंडर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार झारखंड कर्मचारी आयोग अपने ही एग्जामिनेशन कैलेंडर को फॉलो करने में अब तक सफल नहीं हो पाया है। इसने 10 नियुक्ति परीक्षाओं के विज्ञापन जारी होने, परीक्षा लेने और रिजल्ट प्रकाशित करने का कैलेंडर जारी किया था। 10 परीक्षाओं में से दो परीक्षाओं का विज्ञापन जारी किया गया। आयोग ने दावा किया था कि मई के दूसरे सप्ताह तक चार अन्य नियुक्तियों का विज्ञापन जारी कर दिया जायेगा, जिसे अब तक जारी नहीं किया गया है। वहीं आयोग ने कहा था कि मई के तीसरे सप्ताह में एक, चौथे सप्ताह में एक और जून में तीन परीक्षाओं का विज्ञापन जारी किया जायेगा।

**क्या है एग्जामिनेशन कैलेंडर की स्टेटस :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के एग्जामिनेशन कैलेंडर के अनुसार झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा और स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन आमंत्रित किया जा चुका है। वहीं आयोग ने झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा और उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन मई के पहले और दूसरे सप्ताह में जारी करने की बात कही थी । लेकिन इन परीक्षाओं का विज्ञापन अब तक प्रकाशित नहीं हुआ है।

### मई में ही जारी होंगे दो विज्ञापन

आयोग के कैलेंडर के अनुसार मई के तीसरे सप्ताह में महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा और मई के चौथे सप्ताह में आइटीआइ इंस्ट्रक्टर नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन जारी किया जायेगा। इसके बाद जून के दूसरे और पहले सप्ताह में मैट्रिक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा और इंटर इंटरमीडिएट स्तर कंप्यूटर ज्ञान और कंप्यूटर में हिंदी टंकण अहर्ता धारक प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन जारी किया जायेगा।

### एक दर्जन नियुक्ति नियमावली में हुआ बदलाव

झारखंड हाइकोर्ट की ओर से नियोजन नीति को रद्द किये जाने के बाद फिर से नियोजन नीति लागू की गयी है। उसके आधार पर विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। इस नयी नियोजन नीति से झारखंड से मैट्रिक-इंटर की पढ़ाई की बाध्यता को समाप्त किया गया है। इस वजह से एक दर्जन से अधिक नियुक्ति नियमावली में संशोधन किया गया है। इससे लगभग 20 हजार पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इन पदों पर दो माह में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जतायी जा रही है।

### इनका निकलेगा विज्ञापन

- झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021-956 पद।
- झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021-1285 पद।
- झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2022-583 पद।
- झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा-2022-914 पद।
- तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022-594 पद
- झारखंड इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022-991 पद।
- झारखंड सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा-2022-452 पद।
- झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2022-690 पद।
- झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) प्रतियोगिता परीक्षा-2022-3120 पद।
- झारखंड मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022-455 पद।
- झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2022-737 पद
- झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022-176 पद

# बनहोरा में पीएम आवास योजना के लाभुकों से मिले संजय सेठ



> लाभुकों की समस्याओं से हुए अवगत, किया पौधरोपण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ रविवार को पंडरा मंडल के अंतर्गत बनहोरा में प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों से मिल कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। स्थानीय लाभुकों ने आवासीय परिसर में चहारदीवारी नहीं होने और इस भीषण गर्मी में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की। सांसद ने उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही तत्काल इन समस्याओं का समाधान करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने परिसर में पौधरोपण किया। सांसद सेठ ने यहां परिसर में रहनेवाले लोगों से अपील की कि इस परिसर के चारों ओर पौधरोपण करें, साथ ही इसकी देखभाल की जिम्मेवारी भी लें। इस मौके पर मुख्य रूप से पंडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडेय, राम किशोर जायसवाल, महेंद्र बैठा, राजू वर्मा, अशोक सोनी, ममता देवी, अंजलि पांडेय, अनिता चौरसिया, सीमा वर्मा, रेखा देवी, पुष्पा देवी, सुषमा चौधरी, आरती देवी, देवंती कुमारी रीता देवी, विजय खंडेलवाल, राज किशोर, महेंद्र, धर्मवीर और कृष्ण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप में 410 मरीजों का मुफ्त इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के उद्देश्य के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में रविवार को पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक हिंदपीढ़ी इदरीसिया स्कूल, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया, जिसमें 410 मरीजों का हेल्थ चेकअप किया गया और मुफ्त में दवाइयां भी दी गयीं।

स्वास्थ्य शिविर कैंप में डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह - आइरिस हॉस्पिटल ( नेत्र रोग विशेषज्ञ ), डॉ प्रकाश कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ जेके भगत - दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर हर्ष कुमार - पॉपुलर नर्सिंग होम - (कान नाक गला रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सूयस सिन्हा - नर्व एंड माइंड (मानसिक रोग विशेषज्ञ), डॉ पूजा सहाय - माइक्रोपैकसिस लैब ( माइक्रोबायोलॉजिस्ट ), डॉक्टर आर के सिंह-शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ नूपुर सिंह-ऑर्किड मेडिकल सेंटर (ओ बी एस एंड गाइनेकोलॉजिस्ट), डॉ राजेंद्र पाहन-आर्किड मेडिकल सेंटर (एमडी इंटरनल मेडिसिन कंसलटेंट फिजिशियन), हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर फरहान सीकोह, आयुषी प्रियदर्शी - साइकोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम, जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ की टीम, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ की टीम, होम्योपैथिक विशेषज्ञ की टीम, यूनानी विशेषज्ञ की टीम ने अपना महत्वपूर्ण सेवा एवं योगदान दिया।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि स्वस्थ रांची समृद्ध रांची के उद्देश्य के साथ हमारी प्रोफेशनल्स कांग्रेस की टीम काम कर रही है। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि खुद को खोजने से अच्छा है हमेशा दूसरों की सेवा में लीन हो जाओ। सेवा धर्म, सेवा लक्ष्य है यही उद्देश्य के साथ हम लगातार रांची की जनता के बीच कार्य कर रहे हैं।

प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह ने कहा कि देश और समाज का विकास तभी हो पायेगा जब लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। प्रोफेशनल्स कांग्रेस स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के प्रति प्रयत्नशील है और राजधानी वासियों को लगातार क्षेत्र में जागरूक कर रही है।

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा ने कहा कि नस से संबंधित बीमारी के करीब कई मरीज आये कई मरीजों को नशा से संबंधित प्रॉब्लम थी सभी को दवाई उपलब्ध करायी जा रही है और इस कैंप के 10 दिन के पश्चात हमने फिर उनको अपने सेंटर पर बुलाया है और वहां उनसे फॉलोअप कर इलाज का जायजा लिया जायेगा।

दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर जैमेश भगत ने कहा कि आज इस कैंप में मुख्य तौर पर दांत और मुंह से रिलेटेड बीमारियों का चेकअप किया गया बहुत से मरीज ऐसे मिले जो गुटका, खैनी, तंबाकू इस्तेमाल करके मुंह की स्थिति काफी खराब हो गयी थी और कैंसर होने की संभावना काफी बढ़ी हुई थी और इसके लिए उन्हें अवगत कराया गया।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर फरहान सीकोह ने कहा शिविर में 50 हृदय रोग के मरीज आये जिसमें 6 मरीज गंभीर अवस्था में पाया गया। उन्होंने कहा कि आज के भाग दौड़ के जीवन में हृदय रोग के मरीज देश भर में काफी बढ़ रहे हैं, इसके बचाव नियमित व्यायाम, खान पान में बेहद ध्यान देना और फ्रूट , सलाद हर खाने के साथ सेवन करना ही हृदय रोग से बचाव है।

आर्किड हॉस्पिटल के एजीएम एडमिनिस्ट्रेशन के हृदय ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस आगे भी रोड मैप बनाकर कैंप करती रहेगी और उसके बाद लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जायेगा एवं कैंप के लिए फॉलोअप भी होते रहेगा ताकि वहां कैंप दोबारा लगाया जाये।

मौके पर स्वास्थ्य शिविर में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह, लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, कोऑर्डिनेटर हृदय, ऐलेन एंड्रयू, नावेद आलम, वार्ड 23 के पार्षद प्रत्याशी खालिद उमर, आसिफ जियाउल, अमरजीत सिंह, राजीव चौरसिया, सूरज झा, प्रेम कुमार, दामोदर प्रसाद, बाबला, मोहसिन अहमद, खालिद, बेबी, नसरीन सोनी, लाडली, निखत, प्रवीण, अनवर, मोहम्मद रफी ,मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद मजीद, शमशेर, शहजाद, मास्टर सोनू, जमील, इमरान, हाफिजी, शाहिद, नसीम, महफूज ,परवेज, मुजाहिद, मुमताज, नईम, बबलू, जइद, बबलू कुरैशी, असलम, मुस्तफा, रमीज, राजा आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के जूनियर विंग में ग्रेजुएशन सेरेमनी सह ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन

**प्रेप से पहली कक्षा में आये 203 बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में पिछले दिनों ग्रेजुएशन सेरेमनी सह ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रेप से पहली कक्षा में आये 203 बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चे बहुत उत्साहित और प्रसन्नचित थे, क्योंकि यह सम्मान उन्हें अपने अभिभावक, दादा-दादी और नाना-नानी की उपस्थिति में मिल रहा था। यह क्षण दो-तरफा सम्मान का था। एक तरफ बच्चे अपने बड़ों से सम्मान पा रहे थे, तो दूसरी तरफ रंगारंग कार्यक्रम के जरिए अपनी भावनाओं से अपने अभिभावकों को ओत-प्रोत कर रहे थे।

मुख्य अतिथि डॉ हरमिंदर वीर सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गयी। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर इस कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे अच्छे संस्कार प्राप्त करते हैं तथा उनकी प्रतिभा भी निखरती है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ एसबीपी मेहता ने कहा कि उनका लक्ष्य रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। हर स्तर पर सफल छात्रों को सम्मान देकर ऊर्जान्वित किया जाये, जिससे उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहे। अच्छी शिक्षा ही देश के विकास में सहायक है। अतः आगे भी ऐसे ही कार्यक्रमों द्वारा बच्चों को उत्साहित किया जाता रहेगा। ऐसे कार्यक्रमों के संचालन के लिए उन्होंने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

सेक्रेटरी किरण मेहता ने अभिभावकों का बच्चों के जीवन में महत्व को बतलाते हुए सभी बच्चों को सुझाव दिया कि उन्हें अपने अभिभावकों के साथ अवश्य कुछ समय बिताना चाहिए। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के साथ अभिभावकों की नजदीकी बढ़ती है और उनका मन भी आह्लादित होता है।

प्राचार्य राजकिशोर शर्मा ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अभिभावकों तथा वर्तमान के बच्चों के बीच बढ़ती दूरियों को पाटने की सलाह दी। उप प्राचार्य केआर झा ने अपने संबोधन में उपस्थित अभिभावकों का अभिवादन किया तथा उनसे अपना महत्वपूर्ण समय बच्चों के लिए देने का सुझाव भी दिया।

जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे खेल और शिक्षा के साथ-साथ नियमित रूप से अपने अभिभावकों के अनुभव को भी प्राप्त करते रहें। इस अवसर पर प्राचार्य नर्सरी विंग सोमा घोष, अभिभावक और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : एक्वा वर्ल्ड में मदर्स डे सेलिब्रेशन**

# मधुलिका ने बेस्ट मदर का खिताब जीता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर के द्वारा आयोजित किये जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में रविवार को मदर्स डे पर स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं, रैंप वॉक और प्रश्नोत्तर राउंड के जरिए बेस्ट मदर का चुनाव हुआ। मधुलिका ने पहला पुरस्कार जीता जबकि कीर्त्ति दूसरे स्थान पर रहीं और नूपुर और सविता ने तीसरा पुरस्कार जीता।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया हुआ था जहां मम्मी के साथ बच्चों ने पोज मारकर ढेर सारे फोटो खिंचवाये। 'मां' की थीम पर आधारित एक म्यूजिकल क्विज का भी आयोजन किया गया और सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपनी मां के साथ जमकर डांस किया और धमाल मचाया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा उपस्थित थीं। संचालन श्रेया ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष, धीरज,आदि का योगदान रहा।

### विजेता

**म्यूजिकल क्विज**-दीपिका, अपराजिता, मधुलिका, मानसी, आकृति, निशा, ममता।

**सेल्फी कंपटीशन**- रश्मि, फौजिया, सुषमा।

# सभी प्रखंडों में ग्राम प्रधान संघ का गठन किया जायेगा : उमेश

**कांके प्रखंड कमेटी का गठन किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला अंतर्गत कांके सरना स्थल में कांके प्रखंड कमेटी का गठन ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक की अध्यक्षता में रविवार को किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान संघ के कांके प्रखंड अध्यक्ष के तौर पर राम लगन मुंडा को चुना गया। इसके अलावा महासचिव तरुण पाहन, उपाध्यक्ष सुरेश पाहन, विजय उरांव, सचिव अजय कुमार पाहन, कोषाध्यक्ष देवनाथ मुंडा, संयोजक राम किशोर उरांव, कार्यकारिणी सदस्य बोधन उरांव, महावीर मुंडा, अरुण मुंडा, दीपक पाहन, सोमा उरांव, सतीश तिग्गा, शिव शंकर मुंडा, अनिल उरांव, रघु मुंडा, मनी पाहन, महली उरांव, रमेश उरांव, नरेंद्र मुंडा को चुना गया। पूरे रांची में सभी प्रखंड की कमेटी का गठन जल्द किया जायेगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। मौके पर विजय पाहन, संतोष बड़ाइक, ननकू मुंडा, रंथू पाहन सहित अन्य उपस्थित थे।

# पर्यावरण मित्र निखिल मेहुल के जज्बे को सलाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कल्प तरु मित्र के नाम से मशहूर निखिल मेहुल शनिवार रात पतरातू के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए अपने दोस्त ओमप्रकाश नायक के साथ निकल पड़े। निखिल मेहुल ने बताया कि कल शाम में उसके साथियों के द्वारा पता चला कि पिठोरिया-पतरातू के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। तभी वे लगी आग को बुझाने रात को ही निकल पड़े और रात 10 बजे से लेकर 12:15 तक कड़ी मेहनत के बाद जंगलों में लगी आग को बुझाने में काफी हद तक सफल हुए। कहा कि जंगलों में आग अपने आप बहुत कम ही लगता है, इसे हम जैसे लोग ही अपने कुछ फायदे को लेकर लगाते हैं जो गलत है। गरमी की दिनों में ज्यादातर लोग महुआ चुनने के लिए आग को लगा देते हैं ताकि वे आसानी से महुआ चुन सके। क्षेत्रीय प्रशासन तथा वन विभाग के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगल के आस - पास के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उनका नारा है - चलो आज करें हम पेड़ों की रक्षा, कल ये करेंगे हमारी रक्षा।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृत्व दिवस




**रांची (आजाद सिपाही)।** अपनी माताओं के प्रति प्यार और सम्मान दिखाने के लिए प्री प्राइमरी डिवीजन के बच्चों ने इस सबसे खास दिन को बहुत सारी मजेदार गतिविधियों और कुछ यादगार प्रदर्शनों के साथ मनाया। नन्हें मुन्नों ने अपनी माताओं को उनके बिना शर्त प्यार के लिए आभार व्यक्त करने हेतु गीतों और नृत्य की अपनी प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने बच्चों से सद्गुणों को मन में बैठाने और माता-पिता को प्रसन्न व संतुष्ट करने वाले नैतिक मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह प्रत्येक बच्चे के लिए एक सुखद और यादगार दिन था, जिसने मासूम दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ा। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोर्डिनेटर आशा राज व संचालन आशिमा रॉय, मीनाक्षी शर्मा, रश्मि प्रसाद, पूजा सिंह तथा शालिनी मिधा के देखरेख में की गयी। इस मौके पर काफी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में रामकथा का रसपान कर रहे हैं श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का तीसरा दिन एक तरफ यज्ञ की आहुति, यज्ञ की परिक्रमा, दूसरी और संतों का दर्शन, तीसरी ओर दिव्य सत्संग अलग-अलग संतो द्वारा बैकुंठ धाम हरमू मैदान बना हुआ है। प्रातः स्मरणीय पूज्य पाद अनंत श्री विभूषित पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पाद सेवक तपो मूर्ति पूज्य पाद श्री सुंदर राज यति राज स्वामी जी महाराज के संरक्षण में झारखंड के राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संत सम्मेलन व विविध धार्मिक स्थलों से पधारे हुए जगतगुरु आचार्य जी के द्वारा भगवत कथा का भव्य आयोजन गया है। जिसमें दशान स्वामी मारुति किंकर स्वामी जी की आज्ञा का पालन करने के लिए श्री राम कथा किया जा रहा है। सनातन धर्म के आचार्य संतो के संरक्षण में धर्म अनुकूल आचरण करने वाले का लोक और परलोक दोनों सुधर जाता है।

# कांग्रेस के निलंबित नेताओं ने कर्नाटक की जीत पर जश्न मनाया

**कर्नाटक की जीत चालीस प्रतिशत कमीशनखोरी से लड़नेवालों की जीत : आलोक दुबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छह वर्षों के लिए पार्टी से निलंबित/निष्कासित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, बिना निलंबित नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन और रंजीत कुमार महतो ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल होने की खुशी में रांची के बाबा साहेब आंबेडकर चौक डोरंडा में जश्न मनाया और कर्नाटक की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महानायक राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की तस्वीर हाथों में लेकर ढोल नगाड़े बजाये, आतिशबाजी की और मिठाई खिला कर एक दूसरे को शानदार जीत के लिए बधाइयां दीं। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि कर्नाटक की जीत चालीस प्रतिशत कमीशनखोरी से लड़नेवालों की जीत है, बेरोजगार युवाओं की जीत है, महंगाई के खिलाफ मशाल जलाने वालों की जीत है। परेशान बेहाल हो चुके किसानों की जीत है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने प्रधानमंत्री के हिंदू मुस्लिम कार्ड और बजरंग बली के सहारे वैतरणी पार करने की साजिश को असफल कर दिया। प्रधानमंत्री को हार की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वहां की जनता ने डबल इंजन के 11 मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप में बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने झूठ, फरेब, नफरत, बेईमानी, फूट डालो राज करो की राजनीति को समाप्त कर दिया है। मुद्दों की राजनीति पर कर्नाटक की जनता ने मुहर लगायी है। देश के अंदर होनेवाले हर चुनाव में धार्मिक कट्टरपंथी विचारधारा को देश की जनता स्थान देनेवाली नहीं है। फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा कि कर्नाटक में सभी समुदाय और जाति के लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया है इसके लिए कर्नाटक की जनता को साधुवाद है।

# महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने जीत का जश्न मनाया

**कोकर में बम-पटाखा छोड़कर खुशी मनायी**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को कोकर जतरा टांड़ में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत से देश की जनता और बजरंगबली जी का आशीर्वाद से चुनाव में कांग्रेस की जीत की खुशी में कोकर में बम-पटाखा छोड़कर और एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर किया। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष महतो, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी प्रखंड अध्यक्ष कौशल(गांधी), सम्राट चटर्जी ,सुशांत कुमार, अमित कुमार चौरसिया, मुन्ना कुमार, वशिष्ठ लाल पासवान, बसंत कुमार, विजय कुमार राम, जयंत, सोनू कुमार, बिट्टू, सूरज कुमार पासवान, बंटी राज, शिव कुमार पासवान, संजय कुमार राम, विशाल कुमार राम, कृष्ण कुमार सोनी, प्रकाश राम, आर्यन, पेटला आदि अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में सजा विशेष दीवान

# रंग रता मेरा साहिब रब रहया भरपूर...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई अमनदीप सिंह अमृतसर, बीबी कौलां वाले के रांची आगमन की खुशी में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। इसकी शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा माधो हम ऐसे तू ऐसा हम पापी तुम पाप खंडन निको ठाकुर देसा... शबद गायन से हुई। स्थानीय रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने रंग रता मेरा साहिब रब रहया भरपूर... एवं लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुर नदर करे... शबद गायन कर संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जेवेंदर सिंह ने कथा वाचन कर साथ संगत को गुरुवाणी से जुड़ने को कहा और रोजाना जपजी साहिब का पाठ करने की सलाह दी। विशेष रुप से पधारे भाई अमनदीप सिंह ने पंज प्याले पंज पीर छठम पीर बैठा गुर भारी, अरजन काया पलट कै मुरत हरगोविंद सवारी... एवं धन धन बाबा दीप सिंह जी... जैसे अनेक शबद गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कीर्तन के दौरान संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया। सत्संग सभा के प्रधान द्वारकादास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई महिपाल सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। अनंद साहिबजी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति अपराह्न तीन बजे हुई। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सोमवार को सुबह भाई अमनदीप सिंह साध संगत को सिमरन साधना करवायेंगे। दीवान में हरविंदर सिंह बेदी, हरगोविंद सिंह, अमरजीत गिरधर, सुंदर दास मिढ़ा, लेखराज अरोड़ा, मोहन काठपाल, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, राजकुमार सुखीजा, बसंत काठपाल, सुरेश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, हरीश मिढ़ा, प्रेम मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, हरजीत बेदी, जीतू अरोड़ा, अश्विनी सुखीजा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, पवनजीत सिंह खत्री, महेंद्र अरोड़ा, अशोक गेरा, महेश सुखीजा, जीतू काठपाल, रमेश गिरधर, नीरज गखड़, उमेश मुंजाल, कंवलजीत मिढ़ा, प्रताप खत्री, हरीश मुंजाल, राकेश गिरधर, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, हरीश मुंजाल उपस्थित थे।

# डॉ करमा उरांव अपने आप में एक संस्था थे : सुदेश महतो





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ करमा उरांव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ करमा उरांव आदिवासी समाज के उत्थान तथा झारखंडी सभ्यता, संस्कृति एवं परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर हमेशा समर्पित एवं प्रयत्नशील रहें। वें अपने आप में एक संस्था थे। झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने और आदिवासियों की पहचान बनाए रखने के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहें। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत भी शामिल थे।

बता दें कि डॉ. करवा उरांव झारखंड के जाने माने शिक्षाविद और सामाजिक क्रांतिकारी थे। 72 साल की उम्र में उन्होंने रविवार की सुबह अंतिम सांस ली। वह बीते कुछ महीनों से बीमार थे। वर्तमान में रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, वहीं निधन हुआ। क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा को लेकर वह हमेशा ही चिंतित रहते थे। राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर प्रमुखता से अपनी बात रखने के लिए उन्हें जाना जाता था। डॉ. उरांव हमेशा कहते थे कि जनजातीय भाषा विभाग को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा, ताकि यहां पढ़ाई जा रही भाषाओं की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। वह बीपीएससी के भी पूर्व सदस्य थे।

# मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मातृ दिवस पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि मां त्याग, स्नेह और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है। मां की ममता, उसके आशीर्वाद, संकल्प और विश्वास में अभूतपूर्व शक्ति होती है।

# डॉ करमा उरांव के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। प्रख्यात शिक्षाविद और जनजाति समाज के अगुवा डॉ करमा उरांव के आकस्मिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व उरांव ने जनजाति समाज के उत्थान के लिए पूरा जीवन लगा दिया। उनका असमय जाना राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री प्रकाश ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि दु:ख की घड़ी में परमात्मा परिजनों को धैर्य, साहस प्रदान करें। शोक प्रकट करते हुए नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनजाति समाज की भाषा, संस्कृति और कल्याण के लिए स्व उरांव के द्वारा किये गये कार्य उल्लेखनीय है। जो सदैव राज्यवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। श्री मरांडी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि भगवान उनकी आत्मा को चिर शांति प्रदान करें।

# सांसद गीता कोड़ा ने श्रद्धासुमन अर्पित किया



रांची (आजाद सिपाही)। डॉक्टर करमा उरांव के निधन की सूचना पाकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा आज उनके रांची स्थित घर पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन किया। साथ ही उन्होंने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रीमती कोड़ा ने परिजनों से मिलकर दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया तथा अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर उरांव समाज और राज्य के विकास के प्रति काफी संवेदनशील थे। झारखंड वासियों के हक, अधिकार और विकास के लिए उनके द्वारा दिये गये योगदान को सदैव याद रखा जायेगा।

# कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में मदर्स डे शबनम रानी को मिला बेस्ट मां का खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा रविवार 14 मई 2023 को डोरंडा कन्या पाठशाला प्रांगन में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोस्ट क्रिएटिव मदर के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरी प्रतियोगिता में सुपर मदर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं बेस्ट मदर, बेस्ट ड्रेस्ड, मोस्ट टैलेंटेड का भी चयन किया गया। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अर्चना कुमारी ने वेलकम डांस प्रस्तुत किया। अभिरुचि एवं भूमिका ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि एवं निर्णायक के रूप में शालिनी विजय प्राचार्य गुरुगोविंद सिंह स्कूल रांची एवं सुनीता सराफ फिटनेस ट्रेनर एवं फीमेल फिटनेस मंत्र की फाउंडर मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रजनी द्वारा किया गया।

इस अवसर में संस्था के निदेशक धनंजय कुमार ने कहा की सभी बच्चों के आपनी मां का आदर सम्मान करना चाहिए और अपनी जन्ननी मां को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए।

इस उपलक्ष पर सभी विजेताओं को कार्यक्रम के प्रायोजकों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सुपर मॉम ओवरआल की विजेता रही शबनम रानी, किरण कालिंदी मोस्ट क्रिएटिव मदर की विजेता रहीं और कस्तूरी सुमन एवं राणा हसन को मोस्ट टैलेंटेड मदर का पुरुस्कार दिया गया। सभी विजेताओं को क्राउन पहनाया गया एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जज की भूमिका में सादिया एवं राणा हस्सन उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने कलाकृति संस्था की उपनिदेशक रजनी कुमारी, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार एवं आरती, शिखा, शीतल, रिंकी, अमीषा, ईशा, जया, निजात, अर्चना, सुमन एवं मनस्वी आदि का सहयोग रहा।

## 'सरकारी काम में बाधा डालने और हाथापाई करने का आरोप

# आजसू नेताओं के खिलाफ बदसलूकी की प्राथमिकी दर्ज

**जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी और भोपाली नामजद आरोपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने, ड्यूटी में तैनात अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने, जबरन जब्त मोटरसाइकिल का चाभी छीनने, चलान मशीन, चलान बुक लूटने के आरोप में आजसू नेताओं के विरुद्ध रामगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज यातायात व्यवस्था में तैनात सअनि सुनील कुजूर के आवेदन पर किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्यवाई में जुट गयी है।

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार यातायात थाना में पदस्थापित सअनि सुनील कुजूर ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर आजसू नेताओं पर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि 12 मई को वरीय अधिकारी के निर्देश पर रामगढ़ ट्रैकर स्टैंड के समीप मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान आजसू नेता धर्मेंद्र साव उर्फ भोपाली, दिलीप दांगी अपने 10-15 लोगों के साथ लेकर स्टैंड पहुंचे। जिसके बाद गाली गलौज करते हुए वाहन चेकिंग बंद करा दिया। साथ ही धर्मेंद्र साव उर्फ भोपाली, दिलीप दांगी के साथ अन्य लोगों ने हंगामा करते हुए चालान मशीन और चालान बुक लूट लिया। जिसके बाद सभी ने 25 हजार रुपये मांगने लगे। पैसा नहीं देने पर उन्होंने मेरा गर्दन पकड़ लिया और दीवार में जोर जोर से दबाने लगा। साथ ही बोला कि डिमांड पूरा नहीं करोगे तो आग लगाकर जान मार देंगे। सुनील कुजूर ने धर्मेंद्र साव उर्फ भोपाली, दिलीप दांगी एवं उनके 10-15 सहयोगियों पर उचित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज करने की मांग की है।

### इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला

आजसू नेताओं पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 116/23 धारा 143/341/353/504/379/385/387/308 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। केश का अनुसंधानकर्ता हरनारायण साह को बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# इलाज के बाद बारकिंग डियर की हुई मौत, किया गया अंतिम संस्कार




भुरकुंडा। कुरसे जंगल में रविवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था में बारकिंग डियर (भौंकने वाला हिरण) को देखा। ग्रामीणों ने हिरण को पानी पिलाने के बाद सूचना देकर वन विभाग पतरातू को सुर्पुद कर दिया। इसके बाद वन विभाग द्वारा हिरण का वेटनरी डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया गया। उपचार के बाद भी हिरण का स्वास्थ्य नहीं सुधरा और उसकी मौत हो गई। विभाग ने हिरण का पोस्टमार्टम कराने के बाद रेंजर एके चैधरी के देख-रेख में हुरूमगढ़ा स्थित वन विभाग पतरातू परिसर में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वेटनरी डॉक्टर की माने तो बारकिंग डियर (चिल्लाने वाला हिरण) छलांग मारने के दौरान किसी झांडी में फंस गया होगा। जिसके कारण उसके माथे और शरीर में चोट लगी और शॉक के कारण उसे हार्ट अटैक आया होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति का हिरण काफी कमजोर व डरपोक किस्म का जानवर होता है। कयास लगाया जा रहा है कि हार्ट अटैक के कारण ही उसकी मौत हुई होगी। हालांकि अभी पोस्टमार्टम का रिपोर्ट आनी बाकी है।

# किसान का बेटा भारतीय पोस्टल विभाग के असिस्टेंट पद पर चयनित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बोरोबिग पंचायत के अंतर्गत छोटकी पोना गांव निवासी शुभम कुमार पिता मनोज महतो का भारतीय पोस्टल विभाग में सहायक पद पर चयन हुआ। युवक का पोस्टल विभाग के पद पर चयन होने से पूरे गांव और परिवार में खुशी की लहर है। पूर्व में शुभम ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से बीटेक डिग्री हासिल की और टीसीएस कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर कोलकाता में पोस्टिंग है, जहां अभी कार्यरत है। छात्र की प्राथमिक पढ़ाई गांव के स्कूल में तथा मैट्रिक रजरप्पा डीएवी स्कूल से अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुआ।

## 86वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा




**रांची (आजाद सिपाही)** । रविवार को 86वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन पुंदाग में संस्था के सदस्य रक्सौल निवासी नरेश अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी पत्नी रेशम अग्रवाल, पुत्र चिराग एवं साहित्य अग्रवाल, पुत्री नंदिनी अग्रवाल और उनके परिवार द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने नरेश अग्रवाल एवं उनकी धर्म पत्नी रेश्मा अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी(राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया। सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार, नरेश अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, साहित्य अग्रवाल, विशाल जालान, चंद्रदिप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, बसंत वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या सुनीता अग्रवाल, रेशमा अग्रवाल नंदिनी अग्रवाल, अमिता जालान, विशाखा जालान, वंदना जालान उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

# 'नमन' कर रहा ऐतिहासिक काम गर्व है इस संस्था पर : हरिवल्लभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था नमन शहीदों के सपनों को ने महान क्रांतिकारी एवं बलिदानी शहीद बैकुंठ शुक्ला की पुण्यतिथि पर नमन द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ कृष्णा सिन्हा संस्थान के प्रधान महासचिव हरिवल्लभ सिंह 'आरसी', वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, टाटा स्टील के अवकाश प्राप्त कॉर्पोरेट हेड प्रभात शर्मा, मनीफीट गुरुद्वारा के प्रमुख अजीत सिंह, ब्रह्मर्षि विकास मंच के सुधीर कुमार सिंह, वरुण पूर्व सैनिक परिषद, वरिष्ठ पत्रकार व संस्था के संरक्षक बृजभूषण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश, क्रीड़ा भारती के राजीव कुमार, साकची गुरुद्वारा के महासचिव परमजीत सिंह, बलविंदर सिंह, विपिन झा, महेंद्र सिंह, संतलाल पाठक, डी. मनी, चंदना रानी, ममता पुष्टि, सावित्री करवा, नमिता उपाध्याय, ममता सिंह, गौरी कुमारी, मीरा सिंह, हीबा फिरदौस, भूमि, पूरबी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि आरसी ने बैकुंठ शुक्ला को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि - देश को स्वतंत्र कराने में लाखों वीरो ने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था, उनकी कुबार्नी का परिणाम है कि हम आज आजाद भारत में सांस ले पा रहें हैं, उन्होंने आजादी की जो सौगात हमें सौंपी उसे सहेज कर रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। उनके सपनों का जो भारत था उसी भारत का निर्माण हो यह सबका सपना होना चाहिए। साथ ही आरसी ने नमन संस्था की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था लोगों में शहीदों के प्रति जागरण और देशप्रेम का जो जज्बा जगा रही है उसके लिए संस्था के सभी सदस्यों का और विशेष कर संस्थापक काले जी का हम सभी लौहनगर के वासी आभार व्यक्त करते हैं।

श्री प्रभात शर्मा ने कहा कि नमन का प्रयास सराहनीय है जो आज विभूति बैकुंठ शुक्ल को 90 साल बाद भी याद कर रहा। इस मौके पर नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आज जब हम देश के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले शहीदों को नमन करते है, तो हम अपने अंदर एक अद्भुत ऊर्जा एवं शक्ति का अनुभव करते हैं। काले ने युवाओं से आह्वान किया की वे अपने अंदर की ताकत एवं स्वाभिमान को पहचानने की कोशिश करें। राष्ट्रहित की भावना हृदय में रख राष्ट्रहित हेतु प्रयासरत रहना हर भारतीय का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे नशा की खिलाफत करें एक अंतर्राष्ट्रीय साजिश के तहत देश को तोड़ने के लिए हमारे युवा वर्ग को लक्ष्य किया जा रहा हैं उन्हें नशा का आदी बनाया जा रहा है चूंकि युवा देश का भविष्य होता है और जब देश और समाज को कमजोर करना है तो युवा में सोचने समझने की शक्ति को कुंठित कर देना होगा और इसके लिए युवा पीढ़ी को नशे का आदी बनाया जा रहा है, मैं आप सभी युवा पीढ़ी से करबद्ध प्रार्थना करता हूँ कि आप सभी खुद भी नशे का सेवन ना करें और अपने परिवार,समाज में इस दलदल में फंसे युवाओं को बाहर निकालने की कोशिश करें।

इस मौके पर संस्था के संरक्षक बृजभूषण सिंह ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि - बैकुंठ शुक्ला जी का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्पूर्ण योगदान रहा है परंतु इनकी और इनके जैसे हजारों शहीदों की कुबार्नी गुमनाम रह गई या कहीं दबी रह गई जरूरत हर शहीद की शहादत उनके विचारों को उनके जीवन की जानने की है उनको सम्मान देने की है और इस दिशा में नमन अपना कार्य निरंतरता के साथ कर रहा है।

जयप्रकाश राय ने कहा कि - भारतवर्ष का इतिहास वीरों और शहीदों से भरा पड़ा है जरूरत उन्हें जानने की है उनके विचारों को आत्मसात करने की है शहीद बैकुंठ शुक्ला जी ऐसे ही शहीद हुए जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए खुद को कुर्बान कर दिया ऐसे महापुरुष को आज नमन करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि ऐसे वीर की धरती पर मुझे जन्मने का अवसर मिला। इस मौके उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने देश की आजादी में बैकुंठ शुक्ला के योगदान को नमन करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और एक मत में कहा कि उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में संस्था के स्वयंसेवकों, मातृ शक्ति व युवा शक्ति की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार एवं डीडी त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा ने किया

# एसएससी सीजीएल की परीक्षा में आकाश को 7593वां रैंक मिला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू ।** दिगवार उच्च विद्यालय के शिक्षक निरंजन कुशवाहा के पुत्र 24 वर्षीय आकाश कुमार ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी - सीजीएल) की आयोजित परीक्षा में 7593 यूआर रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आकाश का सिलेक्शन इनकम टैक्स विभाग में हुआ है, जो जल्द ही योगदान देंगे। उनके सफलता पर माता सुनीता देवी, बहन एवं अन्य सदस्यों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

वही परिजन समेत आस-पड़ोस एवं गांव-समाज के लोगों ने उसकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की है। बताया जाता है कि आकाश पूरे भारत वर्ष के अंदर पहले फेज में 32 लाख युवाओं के साथ ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हुए थे। जबकि दूसरे फेज की आयोजित परीक्षा में 3.50 लाख युवाओं में बेहतरीन रैंक लाकर सफलता अर्जित की है। परिजनों ने बताया कि आकाश स्कूल के समय से ही मेधावी छात्र था। उसने अपने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। परिजनों ने उसके बेहतर भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# कांग्रेस को मिली 'संजीवनी'

13 मई को पूरे देश की नजरें कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणामों पर टिकी हुई थीं, जिसे जीतने के लिए सभी दलों ने पूरा जोर लगा रखा था। वहां प्रचार के लिए केंद्र सरकार की पूरी कैबिनेट ने महीना भर डेरा डाले रखा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान आदि शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरू में 26 किलोमीटर और 10 किलोमीटर लंबे रोड शो भी निकाले, जिन पर वहां की जनता ने और शो में शामिल लोगों ने एक-दूसरे पर पीले रंग के फूल फेंके, प्रधानमंत्री ने सुरक्षा का जोखिम लेते हुए कार से उतर कर लोगों से हाथ मिलाये। इसी प्रकार कांग्रेस ने भी भाजपा से सत्ता छीनने के लिए सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, सिद्धारमैया, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज बब्बर, मोहम्मद अजहरुद्दीन आदि मैदान में उतारे और रोड शो भी निकाले। इन चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और जद (एस) ने वायदों की चाशनी में लिपटे हुए घोषणापत्र जारी किये और सभी दलों के नेताओं में धर्म गुरुओं के आशीर्वाद लेने की भी होड़ लगी रही। हालांकि भाजपा इस चुनाव में राज्य में पिछले 38 वर्षों से चली आ रही बारी-बारी की सरकार बनाने की परंपरा को तोड़ कर अपनी विजय दोहराने के प्रति आश्वस्त थी, परंतु राज्य के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया। कांग्रेस को सर्वाधिक 136, भाजपा को 65 तथा जद (एस.) को 19 सीटें मिलीं, जबकि पिछले चुनाव में भाजपा ने 104 सीटें जीती थीं तथा कांग्रेस को 80 सीटें ही मिली थीं। जहां कांग्रेस को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अलावा पार्टी नेताओं द्वारा भाजपा सरकार के विरुद्ध महंगाई और बेरोजगारी जैसे स्थानीय मुद्दे उठाने से फायदा हुआ, वहीं चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय मुद्दों पर अधिक बल देना, क्षेत्रीय नेताओं की उपेक्षा और आपसी गुटबाजी भाजपा की हार के कारण बने। हिमाचल के बाद गत 4 महीनों में भाजपा ने यह दूसरा राज्य गंवाया है। वर्ष 2024 में होने वाले चुनावों को देखते हुए यह परिणाम कांग्रेस के लिए एक 'संजीवनी' के समान है, जबकि अपनी पराजय को देखते हुए भाजपा नेताओं को अपनी कमियों की ओर ध्यान देकर उन्हें दूर करना चाहिए।

**कांग्रेस को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के अलावा पार्टी नेताओं द्वारा भाजपा सरकार के विरुद्ध महंगाई और बेरोजगारी जैसे स्थानीय मुद्दे उठाने से फायदा हुआ, वहीं चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय मुद्दों पर अधिक बल देना, क्षेत्रीय नेताओं की उपेक्षा और आपसी गुटबाजी भाजपा की हार के कारण बने।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के माध्यम से अनुचित तरीकों से 'धर्म परिवर्तन' द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने 'विधिक सर्जिकल स्ट्राइक' कर सबको अंचभित कर दिया।**

# 'लव जिहाद' के घात पर योगी सरकार का कुठाराघात

प्रणय विक्रम सिंह



'लव' के शर्बत में जब 'जिहाद' का जहर मिल जाए तो उसका दर्दनाक और जानलेवा हो जाना लाजमी है। इस 'लव जिहाद' के जहर की तासीर कुछ ऐसी होती है कि बेबसी, बदनामी, घुटन, टूटन, तड़पन और आंसुओं के सैलाब में डूबती-उतराती मजबूर जिंदगी आखिरकार मौत की दहलीज पर दम तोड़ देती है। राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस 'जिहादी जहर' से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किये गये हैं।

दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हजारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया। मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे 'लव जिहाद' की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख 'द केरल स्टोरी' से यह मुद्दा पुनः विमर्श का केंद्र बन गया है।

दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। उसके बाद इसाई मिशनरियों ने भी यही कार्य किए। उद्देश्य उनका भी भारत को 'होली लैण्ड' बनाना था बस शैली इस्लामी आंक्राताओं से थोड़ी जुदा थी। देश और समाज को 'संस्कृति परिवर्तन' के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिशें आज भी जारी हैं।

**'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के अंतर्गत दिनांक 27-11-2020 से 30-04-2023 तक कुल 433 पंजीकृत अभियोगों में 1229 लोग नामजद हुए।**

हम देख सकते हैं कि रणबांकुरे, योद्धा जनजातियों की भूमि नार्थ ईस्ट आज 'क्रिस्तान' बन अलगाव की आग में तप रही है तो दुनिया को इस्लामिक आग को शोलों में जला रहा 'जिहाद' का मायावी मारीच 'लव जिहाद' का रूप धर देश की बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। जबरन धर्मांतरण का सबसे घृणित, अमानवीय और स्त्री विरोधी स्वरूप है 'लव जिहाद'। अफसोस है कि अब इस वीभत्स कार्य में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल हैं। सार्वजनिक स्थल से लेकर वर्चुअल दुनिया तक पूर्ण नियोजन के साथ शिकार की तलाश होती है। कभी शकील 'शिवम' बनकर आता है तो कभी साहिल 'सेकुलर' चोले में। केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के माध्यम से अनुचित तरीकों से 'धर्म परिवर्तन' द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने 'विधिक सर्जिकल स्ट्राइक' कर सबको अंचभित कर दिया। इससे प्रेरित होकर अनेक राज्यों ने अपने यहां अवैधानिक धर्मांतरण कानून को लागू किया। यह कानून, धर्म की आड़ में षड़यंत्र करने वालों के मंसूबों को परिणामदायक प्रहार है। अब मिथ्या निरूपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रलोभन या कपट पूर्ण माध्यम द्वारा धर्मपरिवर्तन का कृत्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से ही विवाह किया गया था, यह प्रमाणित होने पर विवाह को शून्य मान लिया जायेगा।

सबसे अच्छी बात तो यह है कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' पूर्णतः सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होता है, जिसके कारण भारत का पंथनिरपेक्ष स्वरूप और मजबूत होता है। यह कानून मौजूदा हालातों की जरूरत है।

गौरतलब है कि लव जिहाद या रोमियो जिहाद की अवधारणा भारत में साल 2009 में पहली बार केरल और उसके बाद कर्नाटक के कैथोलिक ईसाइयों के शोर के बाद राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण का सबब बनी थी। उनका दावा था कि लगभग 4000 बेटियों को प्रलोभन देकर या डरा कर मुसलमान बना लिया गया है। कुछ मामले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी चले थे। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति केटी शंकरन ने जबरदस्ती धर्मांतरण की बात को स्वीकार भी किया था। सरकारी जांच एजेंसियों ने अपनी विवेचना में यह पाया था कि कुछ इस्लामी संगठन बाकायदा धर्म-परिवर्तन (तगय्युर) की मुहिम चलाये हुए हैं। इस मुहिम को एक आंदोलन का रूप देने की कोशिश लगातार की जा रही है।

विदित हो कि राम और कृष्ण की पावन धरा पर न तो कभी प्रेम वर्जित था न ही प्रेम विवाह, लेकिन प्रेम की आड़ में धर्म परिवर्तन के षड़यंत्र को भला कैसे स्वीकार किया जा सकता है? 'रहमान' के 'रमेश' बनकर प्रेम जाल बुनने की घटनाएं तो जब-तब अखबार की सुर्खियां बनती ही रहती हैं। यह एक वृहद सुनियोजित संगठनात्मक षड़यंत्र का हिस्सा है।

दरअसल मुस्लिम शादियां शरीयत के अनुसार होती हैं, जिनमें वर और कन्या दोनों का मुस्लिम होना अनिवार्य होता है, अतः शादी के समय धर्मांतरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है, लेकिन यदि शादी के लिए मजहब बदलना पड़े तो फिर उसे अंतरधार्मिक विवाह कैसे कहा जा सकता है? इलाहाबाद हाइकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि 'शादी-ब्याह के लिए धर्म-परिवर्तन आवश्यक नहीं है। यह वैध नहीं है।' कुछ ऐसे ही विचार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी थे, जब इंदिरा गांधी की शादी फिरोज गांधी से हो रही थी, तब उन्होंने कहा था कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन की जरूरत नहीं है।

पीड़ा यहीं से शुरू होती है। जब तक पीड़िता को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अब धर्मांतरण ही एक मात्र विकल्प होता है। उसके बाद भी अपमान, प्रताड़ना और पश्चाताप के अंतहीन अंधेरे पीछा नहीं छोड़ते। यदि पीड़िता ने धर्मांतरण से इंकार कर दिया तो बेरहम कत्ल तोहफे में मिलता है। सारी समस्या, अपने मजहब को सर्वोत्तम मानने के साथ ही उसे दूसरों को भी मनवाने की जिद और जद्दोजहद से शुरू होती है। सुन्नत और फर्ज जैसे लफ्जों के 'दीनी वर्क' में लिपटे होने के कारण जबरन धर्मांतरण के लिए अमानवीयता की हदें लांघने में भी गुरेज नहीं किया जाता है।

खैर, यूपी में योगी सरकार की सक्रियता और गंभीरता के कारण इस पर काफी हद तक लगाम लगी है। विदित हो कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के अंतर्गत दिनांक 27-11-2020 से 30-04-2023 तक कुल 433 पंजीकृत अभियोगों में 1229 लोग नामजद हुए, 855 लोग गिरफ्तार हुए और 339 मामलों में आरोप पत्र भी दाखिल हो गये हैं। सख्त कानूनी कार्यवाहियों ने जिहादी जहर के सौदागरों के मन में डर तो पैदा किया है।

काबिल-ए-गौर है कि यह समस्या पूरे देश की है, किंतु इसके निदान हेतु परिणामदायक पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गयी। यही नायकत्व है। लव जिहाद से प्रदेश की बेटियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी के अभिभावकत्वपूर्ण प्रयासों को तो दुनिया में दिल खोल के सराहना मिल रही है, जिहादी जहर से पीड़ित बेटियों के जीवन में इंसाफ और आत्मविश्वास का प्रकाश फैल रहा है। लेकिन सारी जिम्मेदारी सरकार की नहीं है। अपने धर्म, संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं को प्रति बच्चों को जागृत करना, उनके अंदर गौरव बोध उत्पन्न करना परिवार का दायित्व है। यह युद्ध वास्तविक और आभासी दुनिया दोनों जगहों पर लड़ा जा रहा है। योगी सरकार मोर्चे पर डटी है समाज को भी पूरी तरह सहभागी बनना ही होगा। ध्यान रहे, जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।

# महंथ रामाश्रय दास ने कॉलेज के लिए दान की थी 40 बीघा जमीन




**पुण्यतिथि पर विशेष : श्री महंथ रामाश्रय दास जैसे प्रेरणादायी जीवन को विस्मृत नहीं किया जा सकता**

डॉ संतोष कुमार मिश्र

पूर्वांचल के गाजीपुर की जखनिया तहसील का एक गांव भुड़कुड़ा सतनामी संत परंपरा का लोक तीर्थ है। यहां बूला गुलाल भीखा जैसे तत्व ज्ञानी सिद्ध साधक ध्यान की गहराई में उतरकर साधना किये तथा मानवता का संदेश दिये। आठ पहर बत्तीस घरी भरो पियाला प्रेम/यारी कहें विचारि के यही हमारो नेम की परंपरा यहां जीवंत हुई। कालांतर में इस परंपरा से एक महत्वपूर्ण नाम जुड़ा, जिसे महंथ रामाश्रय दास के रुप में जाना जाता है। उन्होंने ध्यान योग को अपनाकर मन पर विजय प्राप्त किया। वे कहते थे 'ध्यान किये क्या होय, मन को जो नहिं वश करे/मन वश नहिं जो होय, ध्यान सो काहे करै'। उन्होंने कॉलेज की स्थापना के लिए 1972 में 40 बीघा जमीन और 10 हजार रुपये दान किये थे। 14 मई 2008 महंथ रामाश्रय दास के ब्रह्मलीन हुए थे। आज ही के दिन सतनामी परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी महंत रामाश्रय दास का शरीर गोरखपुर के पाली गांव में शांत हुआ था। इसके उपरांत उनके पार्थिव देह को सिद्धपीठ भुड़कुड़ा लाया गया। पूर्ववर्ती सद्गुरुओं की समाधि के समीप मठ परिसर में ही समाधि दी गयी। डेढ़ दशक के बाद भी एक संत के रूप में उनकी सूक्ष्म उपस्थिति का बोध समाज में निरंतर बना हुआ है। इससे यह सिद्ध होता है कि आत्मा अमर है, तो महात्मा (महान+आत्मा) भी अमर हैं। यदि मठ मंदिर समाज के शक्ति केंद्र हैं, तो महंथ रामाश्रय दास जैसे संत सज्जन शक्ति पुंज के रूप में इस धरा धाम को आलोकित किये हैं। समाज द्वारा प्रेरणादायी जीवन को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उनके द्वारा किया गया परोपकारी व्यक्तित्व का स्मरण सदैव दिलाता रहता है। महंथ रामाश्रय दास ने 'सेवा धरम सकल जग जाना' के मर्म को जानकर भुड़कुड़ा जैसे अत्यंत पिछड़े क्षेत्र में 40 बीघा जमीन एवं दस हजार रुपये दान देकर वर्ष 1972 में उच्च शिक्षा का प्रकल्प खड़ा किया। अपने गुरु द्वारा आरंभ किये गये कार्य को आगे बढ़ाया। इस प्रकल्प को चलाने के लिए आरंभिक दिनों में अध्यापकों को आवासीय व्यवस्था एवं भोजन निःशुल्क उपलब्ध कराया। धीरे-धीरे यह यशःकाय महाविद्यालय एक विशिष्ट उच्च शिक्षण संस्थान के रुप में स्थापित हुआ। बीते 50 वर्षों में इस प्रकल्प से बहुतेरे लाभान्वित हुए और आगे भी हो रहे हैं। जिस प्रकार गृहस्थ अपने पुरखों का स्मरण कर श्राद्ध तथा तर्पण करते है, उसी प्रकार से समाज के लोग भी प्रेरणादायी जीवन का पुण्य स्मरण कर जन्मजयंती एवं पुण्य तिथि मनाते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। अमृतकाल में सिद्धपीठ का कण कण आज ब्रह्मलीन महन्थ रामाश्रय दास को श्रद्धा पूर्वक याद कर कृतज्ञता का भाव व्यक्त कर रहा है। उनकी सूक्ष्म उपस्थिति को सादर नमन।

**(लेखक : असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, श्री म. रा.दा.पी.जी.कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# संघर्षशील मातृशक्ति और विभिन्न कॉलेज की छात्राओं ने देखी फिल्म द केरल स्टोरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के नेतृत में शहर के संघर्षशील मातृशक्ति व विभिन्न कॉलेज के छात्राओं ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी देखा। रविवार को सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक विशेष स्क्रीनिंग में लौहनगरी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लगभग 50 संघर्षशील मातृशक्ति व कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे छात्रा शामिल रहे। मौके पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के संग संस्था के तमाम सदस्यगण मौजूद रहे। फिल्म देखने के बाद कुणाल षाड़ंगी ने बताया द केरल स्टोरी कोई फिल्म नहीं बल्कि एक सच्चाई है। जिसे देश की युवा पीढ़ी को जाननी चाहिए।

श्री षाड़ंगी ने कहा यह फिल्म किसी भी धर्म के खिलाफ नही है। बल्कि इसमें धर्म का नाम लेकर गलत कार्य करने वाले लोगों की सच्चाई उजागर किया गया। कुणाल षाड़ंगी ने कहा बहन-बेटियों पर सुनियोजित साजिश के तहत संगठित गिरोह द्वारा किए जा रहे अत्याचार, जबरन धर्मांतरण और मानवीय मूल्यों के ह्रास का फिल्मांकन फिल्म की पूरी टीम ने बहुत खूबी के साथ किया है। फिल्म की कहानी सिर्फ केरल ही नहीं, बल्कि अन्य राज्य के उस जगह की है, जहां बहन-बेटियों को टारगेट कर आतंकी गतिविधियों में संलिप्त करने के लिए गुमराह किया जाता है।

### झारखंड में क्यों नहीं हुई फिल्म में टैक्स फ्री : कुणाल

वहीं पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा द कश्मीर फाइल्स के बाद अब द केरल स्टोरी फिल्म को लेकर झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद सरकार के स्टैंड से साफ दिख रहा है वे इस वीभत्स सच्चाई का सामना करना नही चाह रहे। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में फिल्म को टैक्स फ्री किया गया। लेकिन दुर्भाग्य है अभी तक झारखंड में सच्ची घटना पर केंद्रित इस फिल्म को टैक्स फ्री नहीं किया। उन्होंने फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है। कुणाल षाड़ंगी ने जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को फिल्म देखने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा फिल्म देखने के बाद उनके नजरिये में जरूर परिवर्तन आएगा। कुणाल ने वास्तविकता से परिचय कराने एवं धर्मान्तरण एवं आतंकवाद जैसे गंभीर विषयों के विरूद्ध जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाली फिल्म को अधिक से अधिक लोगों से देखने की अपील की। मौके पर भाजपा नेता बिमल बैठा, इंदर सिंह, सतप्रीत सिंह, विशाल बर्मा, निर्मल, प्रतीक चौरसिया,मोनाली बैनर्जी समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स हॉस्टल के पास खड़ी कार में लगी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत डॉक्टर्स होस्टल के पास खडी कार में अचानक आग लग गई। रविवार को आगजनी की घटना में देखते ही देखते चंद मिनटों में कार धू धू कर जलने लगा। मौके पर स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग व पुलिस को दी। वही अन्य गाडियों के मालिक अपने वाहन को सुरक्षित करने में जुट गये।

बताया जा रहा है कार आदित्यपुर के रतन शर्मा की है। वे साकची थाना क्षेत्र के एक होटल के सामने खड़ी की थी। कार के इंजन से धुआं निकलते देख शोर मच गया। मौके पर लोगों ने पानी व बालू डाल कर आग बुझाने की कोशिश की।

उधर घटना की सूचना मिलने पर साकची पुलिस व अग्निशमन विभाग को पहुंच कर आग में काबू पाया। कार का इंजन जल गया। फिलहाल पुलिस आग कैसे लगी उस पर जांच में जुट गयी है।

# तेजस्विनी महिला संगठन ने पद्मश्री छुटनी महतो को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** तेजस्विनी महिला संगठन के द्वारा आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 17 में मातृ दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को पूर्व पार्षद सह चर्चित समाज सेवी नीतू शर्मा के नेतृत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिति पद्मश्री छुटनी महतो का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत समारोह में अतिथियों को पूर्व पार्षद नीतू शर्मा के द्वारा गुलदस्ता, शॉल और फूलों की बरसात कर सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने पद्मश्री छुटनी महतो का चरण का पूजन कर व फूलों का चढ़ावा चढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर पद्मश्री छुटनी महतो ने बताया मेरी जिंदगी बहुत ही कठिन परिस्थिति से गुजरी है। जिसको मैं कभी याद नहीं करना चाहती हूं। मैं हमेशा नयी सोच लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करती रहती। वहीं पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने मां के लिए अनमोल वचन कह कर महिलाओं का मन जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रतिमा देवी, मीना देवी, लीला देवी, राखी शर्मा, नीतू राय, नीलू राय, मीनाक्षी त्यागी,बबली त्यागी मौसमी कविराज, सपना कुमारी, कमलावती देवी, सुषमा कुमारी रेखा देवी, पम्मी श्रीवास्तव और विमला सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

# अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव का कपाली दौरा, समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान ने सरायकेला खरसावां जिले के कपाली क्षेत्र का दौरा किया। रविवार को दौरे के दौरान बस्ती वासियों ने क्षेत्र में नाली की समस्याओं से अवगत कराया। बस्ती वासियों ने बताया वार्ड नंबर 5 नियर मजार एवं मस्जिदे हिदायतुल इस्लाम ऊपर से लेकर नीचे तक नाली का काम अधूरा है। ठेकेदार के अनुसार नाली यही तक पास हुई है। बस्ती वासियों का कहना है नाली बड़े नाले में मिलाना था। लोगो का कहना है 200 फिट की नाली और बनने से लोगो की परेशानी खत्म हो जाती। मौके पर अंसार खान ने कहा मंगलवार को स्थानीय विधायक सविता महतो और सरायकेला नगर निगम को लिखकर दे दिया जायेगा, ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान मिल सके। मौके पर मोहम्मद अली इमाम, मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद शकूर, मोहम्मद शमशेर आलम, मोहम्मद जमाल, अमीनुद्दीन, मोहम्मद इकबाल, कमर आलम, मोहम्मद यासीन, ताबीज इकबाल ,जावेद अख्तर, मोहम्मद सैफुल्लाह, मोहम्मद सुभान, शकील अहमद, नबी हसन, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद शमसी मौजूद थे।

# इग्नू घर बैठे पढ़ने का छात्रों को देता है मौका : डॉ. अरुण कुमार तिवारी




**इग्नू की अभिप्रेरणा बैठक में शिक्षार्थियों को दी गयी सत्र की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज स्थित इग्नु अध्ययन केन्द्र में रविवार को सत्र जनवरी 2023 के शिक्षार्थियों के लिए इग्नु की अभिप्रेरणा बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर उपस्थित शिक्षार्थियों को इग्नु एवं उसके पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर इग्नु अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि इग्नु (इन्दिरा गॉधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) एक ओपन यूनिवर्सिटी है जिसकी स्थापना केन्द्र सरकार के द्वारा सन् 1985 में की गयी थी। वर्तमान भागदौड़ के जीवन में हर कोई व्यस्त है किन्तु कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें आगे पढ़ने का शौक होता है, पर वह किसी नौकरी अथवा अन्य कारणों की वजह से आगे नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसे में एक ऐसा यूनिवर्सिटी है जो आपको घर बैठे या नौकरी के साथ पढ़ने का मौका छात्रों को देता है वह है इग्नु। उन्होंने इग्नु के सत्रिय कार्य का मूल्यांकन तथा सत्रावधि परीक्षा के मूल्यांकन प्रतिशत के बारे में जानकारी दी। कहा कि शिक्षा से कोई वंचित न रहे इसके लिए इग्नु ने शिक्षा नीति को लचीलापूर्ण बनाया। इस अवसर पर अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक प्रो. निकलेश चौबे ने शिक्षार्थियों को टर्म इंड एग्जाम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी में नामांकित शिक्षार्थियों का दिसम्बर में तथा जुलाई में नामांकित शिक्षार्थियों की परीक्षा प्रत्येक वर्ष जून में होती है। इस सत्र के शिक्षार्थियों की परीक्षा दिसम्बर में होगी तथा सितम्बर माह में ऑनलाईन फार्म फिलअप होगा।

कार्यक्रम को डा. चन्द्र कुमार, प्रो. आरआर मिश्रा ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने इग्नु के संबंध में जानकारी दी। मौके पर सहायक अखिलेश कुमार तिवारी, मनोहर राम, चन्द्रकान्त सिंह व शिक्षार्थी उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट में समरकैंप 15 मई से : निदेशक




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में समर सीजन की छुट्टियों की घोषणा के पश्चात समरकैम्प का आयोजन का निर्णय लिया गया है। समर कैंप में बच्चे करेंगे मनोरंजन और खेल खेल में कई गुर सीखेंगे। ज्ञातव्य हो कि जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में ग्रीष्मावकाश की घोषणा 13 मई से ही कर दी गयी है। परीक्षोपरांत बच्चों और उनके अभिभावकों को यह सूचना जारी की गयी है कि 15 मई से सुबह 8 बजे से 10 बजे तक स्कूल के सभागार में समरकैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह समस्त कार्यक्रम इंटर हाउस एवं इनडोर गेम और उससे जुड़ी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से होगा। स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने बताया कि बच्चों के अंदर खेल अनुशासन, खेल के प्रति लगाव, मोबाइल से दूरी, कई तरह के ऑनलाइन गेम, माइंड चेंजर आदि का आयोजन होगा। कार्यक्रम में चेस, टेबल टेनिस, कैरम आदि के साथ साथ कैलिग्राफी, क्विज, भाषण कला, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित छोटे छोटे ड्रामा का भी समावेश होगा। लगातार पढ़ाई लिखाई करते करते बच्चों के अंदर शारीरिक व मानसिक तनाव एवं थकान महसूस करते हैं, ऐसे में उनकी कार्यप्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे आयोजन उनमें संचार लाएगा, वे तरोताजा महसूस करेंगे। इस कार्यक्रम के प्रभारी उपप्राचार्य बीके ठाकुर, नीलम केशरी, शिवानी गुप्ता, निधि कुमारी आदि होंगे।

## छर्री लदा हाइवा पलटा, चालक-खलासी घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया-बिंदा मुख्य मार्ग स्थित धवरा महुआ के समीप रविवार को अहले सुबह एक हाईवा ट्रक पलट गया। जिसमें चालक सहचालक बाल-बाल बच गए तथा चालक की सूझबुझ से एक बडी घटना टल गई। मिली जानकारी के अनुसार भंडरिया से कुरुन गांव तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य के लिए पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह से उक्त हाइवा छरी लेकर जा रहा था। इसी क्रम में भंडरिया बिंदा मुख्य सडक के बिंदा घाटी स्थित धवरा महुआ के समीप हाइवा असंतुलित हो गया। चालक ने किसी तरह हाइवा को घाटी के दूसरी छोर पर टक्कर मार दी, जिससे हाइवा पलट गया। अगर ड्राइवर ने अपनी सूझबुझ नहीं दिखया होता तो हाइवा 150 फीट नीचे खाई में जा गिरता तथा एक बडी घटना घट जाती। घायल ड्राइवर व खलासी को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### कार्यक्रम : मदर्स डे पर रक्तदान शिविर में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# माताओं को समर्पित है बहनों का रक्तदान

**माताओं के सम्मान में किया गया है रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्तदान से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं है : डॉ असजद अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में रविवार को मदर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर की मां नसीमा खातून, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, डॉ महजबी, डॉ असजद अंसारी एवं शोभा साहू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया।

इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने कहा कि माताएं सर्वोपरि हैं, माता ही दुनिया है। उन्होंने कहा कि माता जन्मदाता से लेकर हमारी प्रारंभिक शिक्षिका से लेकर सब कुछ माता ही हैं। हमारा जीवन माताओं से ही है। उन्होंने कहा कि माताओं के सम्मान में बड़ी संख्या में बहनों ने बढ़चढ़ रक्तदान किया है, जो माताओं के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि हर अवसर पर ऐसा आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का रक्त से ही किसी व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा काफी आगे है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में मोटीवेटर स्व. कृपया श्रीवास्तव व कंचन साहू ने जागरूकता फैलाने का काम किया है, जो जन जन में इस बात का संदेश गया है कि रक्तदान करने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। सुदूर गांवों तक संदेश गया है जिसके फलस्वरूप महिलाएं भी बढ़-चढ़कर रक्तदान कर रही हैं।



**इन लोगों ने किया रक्तदान**

मदर्स डे पर जिन्होंने रक्तदान किया उनमें पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, शिखा विश्वास, शोभा साहू, शिप्रा भारती, डॉ असजद अंसारी, डॉ रवि कुमार, उपेंद्र कुमार, रंजीत केसरी, आकाश आनंद, करीब अंसारी, अमित कुमार, नीलेश तिवारी, गणेश साव, निर्भय तिवारी, अविनाश विश्वकर्मा, शुभम केसरी, गोरख पांडे, हसनैन रजा, शाहिद खान, मुजाहिद, रसूल खान, अजीज अंसारी, अजाद अली, लाल मोहम्मद अंसारी, इब्रान खान, अमूल्ला अंसारी आदि के नाम शामिल हैं।

मिलाप मेडिकल सेंटर के निर्देशक असजद अंसारी ने कहा कि विश्व मदर्स डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं है। माताओं के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसा आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बढ़-चढ़कर रक्तदान करें ताकि उनके रक्त से किसी की जान बचायी जा सके। उन्होंने कहा कि रक्त बहुत ही मूल्यवान है। इस अवसर पर डॉ रागिनी अग्रवाल, डॉ अरशद अंसारी, डॉ प्रतिमा, डॉ प्रीति कुमारी, गुरुदत्त, फुजैल अहमद, पुरन तिवारी, बंदना जयसवाल, पूनम केसरी, शिप्रा सोनी, रितिका, यूसुफ अंसारी, ब्लड कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, दयानंद ठाकुर, नैन राज, अश्विनी यादव, मटलिंडा लिंडा, ऋषिका कुमारी, कोमल कुमारी, आराधना कुमारी, विभा कुमारी, राहुल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पर कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप

**भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष ने पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से की जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आनंद किशोर तिवारी ने भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार के द्वारा भाजपा पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओं को जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। इस दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से जांच उपरांत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर से कोयल नदी तक सांसद मद से पूर्व से बने पीसीसी पथ पर घटिया निर्माण कराते हुए खानापूर्ति की जा रही थी। जिसका विरोध मेरे नेतृत्व में भाजपा पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद द्वारा जनहित में दिया गया पीसीसी पथ का निर्माण सही तरीके से नहीं होगा, तो सांसद महोदय एवं भाजपा पार्टी की छवि धूमिल होगी। जिससे नाराज होकर इसके विरोध में पवन कुमार द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हम भाजपा कार्यकर्ताओं को लगातार मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा है। इतना ही नहीं, इनके द्वारा मेरे मेडिकल दुकान के नाम पर परेशान करने के उद्देश्य से शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है। कहा कि मैं इस जांच का सत्यता पूर्वक सामना करने के लिए तैयार हूं। लेकिन उनके इस प्रकार की अपनी पार्टी के ही कार्यकर्ताओं का विरोध करना समझ से परे है। कहा कि मैं इसकी शिकायत पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से करते हुए यह पूछना चाहता हूं कि क्या पार्टी के वरीय पदाधिकारी होकर अपने ही पार्टी के लोगों को परेशान करना क्या उचित है। इनकी इस तरह की घिनौनी हरकत से अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं में ही फूट पड़ने की प्रबल संभावना बढ़ गई है। साथ ही उन्होंने जिला सहित प्रदेश के तमाम पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से नगर मंडल अध्यक्ष की काली करतूतों की जांच कराते हुए इस सम्मानित पद से पद मुक्त किये जाने की मांग की है। ताकि पार्टी की गरिमा और कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बना रहे। प्रेस वार्ता में भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष आनंद किशोर तिवारी के अलावे कृष्ण कुमार जयसवाल एवं शशि कुमार तिवारी मौजूद थे।

## वैश्य महासभा ने जिला के द्वितीय टॉपर अंशुल पटनायक को किया सम्मानित

**अंशुल पटनायक ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.8% अंक लाकर किया नाम रोशन**



**गढ़वा।** मनोज पटनायक सोनपुरवा निवासी के पुत्र अंशुल पटनायक सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.8% मार्क्स लाकर गढ़वा जिला सेकेंड टॉपर बने। इस खुशी के मौके पर अखिल भारतीय वैश्य महासभा गढ़वा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के नेतृत्व में मनोज पटनायक के घर जाकर उनके पुत्र को सरस्वती मां का चित्र एवं उपहार प्रदान किया गया। उनके पिता मनोज पटनायक माता नीतू पटनायक को अध्यक्ष के द्वारा बधाई दी गयी। आप सभी के कुशल नेतृत्व से पुत्र को सफलता मिला पुत्र अंशुल पटनायक को उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा बधाई उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर आशीर्वाद दिया गया। अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल के द्वारा कहा गया की बहुत ही गर्व की बात है की वैश्य परिवार का बेटा सीमित संसाधन में गढ़वा जिला सेकंड टॉपर बना जो अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। मौके पर जिला महामंत्री उमेश कश्यप, कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, सचिव दौलत सोनी, कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, विजय सोनी, आनंद जायसवाल, विशाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सगमा प्रखंड में पशु शेड के नाम पर की गयी है अवैध वसूली : रामचंद्र केशरी




**भाजपा नेता ने उपायुक्त से ग्रामीणों से ली गई राशि वापस कराने व उन्हें पशु शेड दिलाने की मांग की है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा बीडीओ द्वारा प्रखंड के चैनपुर, घघरी, झुनका व मकरी ग्राम के कई ग्रामीणों से पशु शेड के नाम पर अवैध राशि लेकर उन्हें पशु शेड नहीं दिया गया। उक्त आशय की जानकारी पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के बाद रविवार को उक्त गांवों में जाकर ग्रामीणों से मिलकर लौटने के बाद चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस को जानकारी देते हुए जिले के उपायुक्त से ग्रामीणों से बीडीओ द्वारा ली गई राशि वापस कराने व जिन ग्रामीणों से अवैध राशि ली गई है उन्हें पशु शेड दिलाने की मांग की है।

श्री केशरी ने बताया कि चैनपुर ग्राम की सरस्वती देवी पति रामकुमार कुशवाहा, सबिता देवी पति शिवकुमार कुशवाहा, सुशीला देवी पति संतोष कुमार, सतीश कुशवाहा पिता चन्द्रमन कुशवाहा, विकेश कुशवाहा पिता चन्द्रमणि कुशवाहा से 15-15 हजार रुपये पूर्व मुखिया विनोद राम के माध्यम से बीडीओ को दिये हैं। वहीं संतोष ठाकुर पिता विनोद ठाकुर ने राममूरत के माध्यम से प्रमुख के खाते में 13000 रुपये, तारा देवी पति रामेश्वर ठाकुर ने दिनेश ठाकुर के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 15 हजार रुपये दिये हैं। दिनेश कुशवाहा पिता विनोद कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से 13 हजार रुपये, मीना देवी पति उदय कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा के माध्यम से प्रमुख अजय साव को 13 हजार रुपये दिये हैं। इसी तरह घघरी ग्राम के एक दर्जन ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम, प्रमुख अजय साव के माध्यम से बीडीओ को 10-15 हजार रुपये अबैध रूप से पशु शेड के नाम पर दिये हैं। मकरी ग्राम के ग्रामीणों ने भी पशु शेड के लिये पूर्व मुखिया पति इसहाक अंसारी के माध्यम से अवैध राशि दी है। मकरी में 16 योजनाओं का कोडिंग हुआ है लेकिन लाभुकों को कार्य प्रारंभ करने के लिये अभी तक राशि नहीं दी गयी है। इसके अतिरिक्त चैनपुर ग्राम निवासी भगवान यादव, अर्जुन गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, बुधु राम, बेनी यादव ने भी प्रमुख के माध्यम से सगमा बीडीओ को 13-13 हजार रुपये दिये हैं।

मौके पर मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी, सुनील कुमार, रमेश प्रसाद, दिनेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## जलाशयों के सूखने से मवेशियों और पशु-पक्षियों के समक्ष पानी का संकट गहराया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** गर्मी और चिलचिलाती धूप के साथ ही मई माह के अंत तक तापमान के स्तर में हो रही लगातार वृद्धि चिंता का विषय बनता जा रहा है। फिलहाल तापमान 42 डिग्री के ऊपर पंहुच गया है। क्षेत्र में गर्मी बढ़ने से जल स्तर नीचे तो जा ही रहा है उसके साथ-साथ छोटे-छोटे जलाशय भी सूख चुके हैं। शहरों की चहल पहल से दूर बसे गांवों की स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गई है। वजह है पशुपालकों की चिंता, बीते वर्ष में बारिश नहीं होने से पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था करना किसानों के समक्ष समस्या थी ही अब गांवों में बने कम गहराई वाले जलाशय जैसे तालाब, डोभा, कुंआ के साथ छोटे छोटे गढ्ढे में इक्कठा जल भी भीषण गर्मी की वजह से सुख चुके हैं। जिससे बड़े स्तर पर पालतू व छुट्टा मवेशियों के साथ ही अन्य पशु-पक्षियों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। कांडी प्रखंड में 16 पंचायत हैं हर पंचायतों में औसतन चार से पांच तालाब हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पशु पालकों व छुट्टा पशुओं के लिए नहाने धोने व पानी पिलाने का एकमात्र साधन तालाब ही होता है जिससे पशुपालक आसानी व सहूलियत पूर्वक पशुओं के लिए उपयोग में लाते हैं। उसके अलावे छुट्टा मवेशियों व अन्य पशु पक्षी भी इन्हीं तालाबों के पानी पर निर्भर हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि यदि सरकार के द्वारा इन जलाशयों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आये दिन स्थिति और भी भयावह हो सकती है व बड़े पैमाने पर पाले गए पशुओं, छुट्टे पशुओं के साथ साथ अन्य छोटे बड़े पशुओं को पयेजल संकट से जूझना पड़ेगा।

### कार्यक्रम : आरकेवीएस स्कूल में टेबल टेनिस के साथ समर कैंप की हुई शुरुआत

# बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक : अलखनाथ पांडेय

**समर कैंप में शतरंज में 42, टेबल टेनिस में 52 और कैरम में 194 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरकेभीएस रेहला रोड, गढ़वा के सभागार में समर कैंप का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के शिक्षकों ने निदेशक को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात कक्षा 8वीं के श्वेता एवं ग्रुप के द्वारा स्वागत नृत्य, नाबिया एवं ग्रुप के द्वारा सरस्वती वंदना तथा कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत 'बापू सेहत के लिए तू तो हानिकारक है' की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि आज कम उम्र में ही लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं इसका कारण उनका गलत तरीके से खान-पान व खेलकूद से दूरी बनाए रखना है। एक खिलाड़ी हमेशा अनुशासित जीवन जीता है और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। आजकल पढ़ाई का दबाव और अव्यवस्थित दिनचर्या के कारण बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि बच्चों को खेलकूद से जोड़ कर रखें। उन्हें खेल कूद के लिए प्रेरित करें। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के अंदर सामाजिक व नैतिक मूल्यों का विकास होता है। वह अनुशासन में रहते हुए जीवन के मूल्यों को समझता है। आगे उन्होंने कहा कि स्कूल के स्थापना काल से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं समय समय पर आयोजित की जाती हैं। आज इस स्कूल के बच्चे देश ही नहीं, विदेशों में भी विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर रहे हैं। एकेडेमीक रिजल्ट की बात करें तो स्कूल के बच्चों का रिजल्ट जिला ही नहीं बल्कि राज्य स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ रहता है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बताया कि किस तरह स्कूल की छात्रा अलिशा खातून स्कूल व स्वध्याय के बल पर मैट्रिक, इंटर व जेईई-मेंस में सफलता प्राप्त की। अंत में उपस्थित सभी अभिभावकों से हमेशा की तरह उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने बच्चों से बात करें। उनके साथ समय बितायें और बाइक, जंक फूड और स्मार्ट फोन से दूर रखें।

इस समर कैंप में शतरंज में 42 टेबल टेनिस में 52 और कैरम में 194 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आज टेबल टेनिस के साथ कैंप का उद्घाटन किया गया। इस कैंप के सफल आयोजन में स्कूल के खेल शिक्षक राजकुमार और इम्तियाज खान की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर गीता पाण्डेय, नंदलाल गुप्ता, सनोज यादव,अहमद राजा,श्वेता पाण्डेय, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, शहेला खान, शिवदेव सिंह व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार पाण्डेय ने किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद में विजयी प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**विजयी प्रत्याशियों को पद का बैच लगाकर अतिथियों ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को बाल संसद में विजयी प्रत्याशियों के लिये शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, समिति सदस्य नीरज पांडेय, अभिभावक इंद्रशेखर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि पारदर्शी मतदान प्रक्रिया द्वारा किशोर भारती के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सेनापति, सह सेनापति, सचिव व सहसचिव के प्रत्याशियों का चुनाव किया गया। विद्यालय की सभी गतिविधियों में अधिकारियों की भूमिका होती है।

**चुनाव परिणाम :** शिशु भारती में अध्यक्ष आयुष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष तेजस्वी प्रशांत सहाय, सचिव प्रांजल शुभ्रा, सह सचिव सनाया खान, सेनापति मनीष कुमार, उप सेनापति जान्हवी कुमारी विजयी घोषित हुई। बाल भारती में अध्यक्ष कार्तिकेय पांडेय, उपाध्यक्ष मो. अबु फहद, सचिव उज्वल चौबे, सह सचिव वैष्णवी कुमारी, सेनापति प्रिंस कुमार गुप्ता, उप सेनापति अर्पित कुमार विजयी हुये। किशोर भारती में अध्यक्ष सागर सोनी, उपाध्यक्ष उदित कुमार, सचिव शिवम कुमार तिवारी, सह सचिव प्रवीण कुमार, सेनापति अंकुल कुमार, उप सेनापति सुशांत चौबे विजयी हुये। कन्या भारती में अध्यक्ष शिवांगी शेखर, उपाध्यक्ष शिखा रानी, सचिव प्राची चौबे, सह सचिव प्रियांशु कुमारी, सेनापति खुशबू कुमारी चुनाव में विजयी घोषित हुई। सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा विजयी प्रत्याशियों को पद का बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 मई, 2023
www.azadsipahi.in


**नयी शुरुआत : ढुकू प्रथा में वर्षों से एक साथ रह रहे 501 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

# बच्चों को स्वस्थ, शिक्षित और जागरूक बनायें : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सर्वधर्म समभाव के बीच रविवार को कर्रा प्रखंड के चौला पतरा में स्वयंसेवी संस्था वृष्टि ग्रीन फार्मर्स खूंटी के सौजन्य से ढुकू प्रथा में वर्षों से साथ रह रहे 501 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गये। समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी पत्नी मीरा मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, उनकी पत्नी मोनिका मुंडा, समाजसेवी और खूंटी के उद्योगपति रोशनलाल शर्मा और वीणा शर्मा ने कन्यादान और विवाह की अन्य रस्म अदा की। सामूहिक विवाह में हिंदू, सरना आदिवासी और ईसाई जोड़ों की शादी कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुडा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है। विवाह के बंधन में बध जाने के बाद अब इन नव दंपत्तियों को सामाजिक और कानूनी मान्यता मिलेगी। इससे संपत्ति सहित अन्य पारिवारिक मामलों में इन जोड़ों को कानूनी हक मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे जोड़ों का भविष्य सुखमय हो इसकी चिंता केंद्र सरकार को हमेशा रहती है। इसलिए गांवों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लोग घरों में व्यक्तिगत रूप से शादी विवाह करते हैं, लेकिन ऐसे प्राकृतिक स्थान पर पेड़-पौधों के बीच सामूहिक विवाह की बात ही अलग है। यहां पेड़ पौधे भी मौन आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैवाहिक बंधन में बंधने वाले सभी जोढ़ों को विवाह का प्रमाण पत्र और पंजीयन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पारिवारिक और सामाजिक विवादों को सुलझाने में कानूनी मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भविष्य में शिक्षित और स्वास्थ बच्चों की जरूरत आपको ओर समाज भी को होगी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को स्वस्थ रखें, शिक्षित करें और जागरूक बनायें और समाज को जागरूक करें। कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अनूप साहू, आनंद राम, भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, गोंविंदपुर मंडल रामध्यान सिंह, भीम सिंह मुंडा, लीलू पाहन, खैरा पाहन, सलेश्वरी देवी, शिव शंकर मिश्रा, डीएवी स्कूल के प्राचार्य विवेकानंद घोष, विहारी लाल, एमलेन होरो, मुखिया मीना देवी, विनोद सोनी, विष्णु सोनी जगन्नाथ मुंडा, दिलीप सिन्हा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।





विवाह के बंधन में बंधता नव दंपति। सामूहिक विवाह में जोड़ी को आशीर्वाद देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के भाजपा सांसद अर्जुन मुंडा।

## नव दंपतियों में 20 से 70 साल के बुजुर्ग तक

जर्म्हार के चौला पतरा में आयोजित सामूहिक विवाह में 20 वर्ष के युवक-युवतियों के साथ ही 70 वर्ष के बुजुर्ग भी शामिल हैं। इनमें कई तो तीन-चार बच्चों के माता-पिता भी हैं। ढुकू प्रथा के तहत लीव पद रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को न सामाजिक मान्यता होती है और न कानूनी। ऐसे जोडे वर्षों से एक साथ पति-पत्नी की तरह रहते हैं।



# मजबूत इच्छाशक्ति हर मुकाम तक पहुंचा सकती है : केंद्रीय मंत्री

**बिरसा कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज के बहुद्देशीय भवन में रविवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं विशेषकर सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 8वीं, 9वीं 11वीं एवं 12 वीं की छात्राओं के लिए कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा शामिल हुईं। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए स्वर्णिम अवसर है। पैनल चर्चा सत्र में विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति से नई-नई बातें सीखने को मिलेगी। साथ ही जिज्ञासाओं का सही उत्तर मिल पाएगा। इसके अतिरिक्त हमारे विचारों को विस्तार देते हुए हमें नई दिशा प्रशस्त करने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। सपनों की उड़ान कार्यक्रम से जुड़ी 10 छात्राओं ने जेइइ मेंस में सफलता पाई है। यह केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे खूंटी जिले की सफलता है। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति हर मुकाम तक पहुंचा सकती है। वर्तमान में सभी छात्राएं जिन्हें आइआइटी व मेडिकल की तैयारियां कराई जा रही हैं, उन्हें अपना अनुभव बेहतर करते हुए अन्य सभी छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनना हैं। जीवन का सफर कठिन जरूर है, पर असंभव नहीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं होना, उनके लिए बाधा नहीं, बल्कि चुनौती बन सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और उसे पूर्ण करने के लिए सभी संभव प्रयास करें। वहीं, मीरा मुंडा ने माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हर्षित करते हैं। वर्तमान में आवश्यकता है कि हमारी छात्राएं अपनी प्रतिभाओं को समझें और अपनी इच्छा अनुसार करियर का चयन करें। आज के समय में यदि छात्राएं आत्मविश्वास जागृत करें, तो अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकती हैं।



## संघर्ष पथ पर बढ़ते हुए सफल बनें : डीसी

डीसी शशि रंजन ने छात्राओं से सीधी बात कर उन्हें बेहतर शिक्षा की दिशा में अग्रसर करने की बात कही। बताया कि अपना लक्ष्य निर्धारण करते हुए पढ़ाई करें। डीसी ने अपने जीवन की संघर्ष गाथा भी विद्यार्थियों से साझा की। कहा कि किस तरह बेहतर अध्ययन के बल पर वे आइआइटी में उत्तीर्ण हुए। उसके बाद यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी के लिए कैसे संघर्ष करते हुए छोटे से शहर से आगे बढ़े। छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए डीसी ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में भी बिना किसी भय के हम सफल हो सकते हैं। संघर्ष सबके जीवन में है। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि मेहनत के बल पर आप किसी भी क्षेत्र में ऊंचाईयों तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन मे संघर्ष के साथ आईपीएस ऑफिसर बनने तक के अनुभव को छात्राओं को बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग कर उन्हें आईआईटी व मेडिकल की तैयारियों के लिए अग्रसर करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया।

## रांची महानगर की ओर से टांगटांग में लगाया गया चिकित्सा जांच शिविर



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केंद्र, रांची महानगर समिति की ओर से प्रखंड के टांगटांग गांव के महर्षि शंकराचार्य सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में 293वां निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य वनवासी भाइयों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। जिससे स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। उपाध्यक्ष किशोरी लाल चौधरी ने बताया कि समिति पिछले 28 वर्षों से लगातार प्रत्येक महीने चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर के आयोजन के लिए सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है जहां सरकारी सुविधा नगण्य है। महामंत्री निरंजन सर्राफ ने बताया कि समिति का यह 293वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर है, जिसमें आर्थिक सहयोग रितोमी फार्मास्यूटिकल्स के ओम प्रकाश अग्रवाल ने अपनी पत्नी स्वङ्ग रीता रितोमी की पुण्य स्मृति में किया है। शिविर में विद्यालय के छात्रों के बीच स्कूल बेग, वॉटर बोतल, पेंसिल सेट, बिस्कुट, चॉकलेट का भी वितरण किया गया है। शिविर में डॉ ज्योत्सना सिन्हा, डॉ विनोद कुमार, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ शिव शंकर लाल, डॉ निखिल और मेडीका हॉस्पिटल नेत्र विभाग के डॉक्टर की टीम ने भी मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया। शिविर में 200 की जांचकर आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवा भी दी गयी। शिविर के सफल आयोजन में निरंजन सर्राफ, निर्मल बुधिया, बेनी प्रसाद, परशुराम पूरिया, राम चंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम लोहिया, घनश्याम शर्मा, ओम प्रकाश अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, मीना अग्रवाल, शशि प्रिया, अन्नू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, रजनीकांत सिन्हा, शुभम गोयल, रमेश अग्रवाल, विजय केशरी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## बाहरी लोगों के कारण स्थानीय मजूदरों को नहीं मिलता काम : सयूम अंसारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डाक बंगला परिसर में रविवार को असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा कि बाहरी लोगों के कारण स्थानीय मजदूरों को काम नहीं मिल रहा। यह गंभीर विषय है। जिन लोगों ने लेबर कार्ड के लिए आवेदन पत्र भरा है, उनका लेबर कार्ड समय पर नहीं मिल रहा है। इस बात को श्रम अधीक्षक के पास रखा जाएगा। सदस्यों ने कहा कि महीने के पहले और अंति रविवार को संघ की बैठक होगी। मजदूरों ने कहा कि हम गांव-देहात में उग्रवादियों के डर से खूंटी में किराए के घर लेकर रेजा-कुली का काम कर जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे में रोज काम नहीं मिलने से परेशानी होती है।

## बच्चे भारतीय संस्कृति को पहचानें और उसमें निहित तत्वों को आत्मसात करें : रंथु साहू

**भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गायत्री शक्तिपीठ डकरा से आए मुकेश यदुवंशी और राजकुमार यादव ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, साहित्य पुस्तक एवं सदवाक्य स्टीकर देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में यश कुमार, सिदरा तस्नीम, प्रीति कुमारी, खुशी कुमारी, अनुष्का कुमारी, कुमार सत्यम, गणेश बड़ाइक, सन्नी कुमार, कुमारी संजना मुंडा, रणवीर केसरी, प्रिया कुमारी, सावन महतो, इंशा आलिया, प्रिया कुमारी, प्रियांस कुमार, मौसम मुंडा, स्वीटी कुमारी, रीमा कुमारी और पूजा कुमारी शामिल है। वही विद्यालय के विशिष्ट अध्यापक सम्मान और प्रधानाचार्य को विशिष्ट प्राचार्य सम्मान देकर गौरवान्वित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में राष्ट्र की भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल होना आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य रंथु साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चे भारतीय संस्कृति के तथ्यों से अवगत हो और उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात कर सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## सिल्ली में कुम्हार समाज की बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा



**मुरी/सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कुम्हार समाज की बैठक रविवार को बड़ा मुरी में हुई। जिसकी अध्यक्षता रविंद्र कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि श्याम बिहारी प्रजापति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारा समाज आज भी काफी पिछड़ा हुआ है। इसे ऊपर लाने के लिए शिक्षा की अहम भूमिका है। इसके लिए मैं सभी सिल्ली के समुदाय के लोगों का अनुरोध करता हूं कि अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने का प्रयास करें। ताकि हमारे बच्चे ऊंचे अवधि में जाकर हमारे समाज का उत्थान कर सकें। हमारा समाज काफी पिछड़ा होने के कारण विकास कार्यों में भी पीछे है। विकास कार्य के लिए हम लोगों को प्रखंड कार्यालय के समक्ष आंदोलन करना होगा। जिसे लेकर आगामी 14 जून को प्रखंड कार्यालय घेराव का निर्णय लिया गया है। बैठक के अंत में एक महिला एवं पुरुषों का कमेटी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में रविंद्र नाथ कुम्हार, उपाध्यक्ष ज्योति लाल कुम्हार, मिथुन कुम्हार, हरिपथ कुम्हार कोचो, पशुपति कुम्हार, आजाद कुम्हार, शंभु कुम्हार, सुचाद कुम्हार, रवि लाल कुम्हार, संगठन सचिव दशरथ कुमार एवं जयपाल प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार को चुना गया। इसके अलावा महिलाओं में अध्यक्षा ममता देवी, उपाध्यक्ष नमिता देवी एवं सचिव कौशल्या देवी को चुना गया। मौके पर सिल्ली प्रखंड के समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**राहे (आजाद सिपाही)।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में शिक्षकों के साथ बच्चों ने खूब मस्ती की। इस दौरान एडवेंचर, नॉलेज, एक्टिविटीज, हेंड राइटिंग कंपटीशन, पेंटिंग मेहंदी कंपटीशन ड्राइंग, वॉल क्राफ्ट आदि विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। वार्डन परमेश्वरी कुमारी ने बताया कि बच्चों की गर्मी छुट्टी होने वाली है इसके पूर्व हमने स्कूल में समर कैंप आयोजित कर बच्चों के बीच बौद्धिक ज्ञान को विकसित करने का प्रयास किया।

## मैकलुस्कीगंज में 30 मई को लगेगा गंगा दशहरा मेला

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा के रोबिशन बंगला लपरा में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आनंद मुंडा और संचालन रविंद्र मुंडा ने किया। बैठक में इस वर्ष भी बघमरी स्थित दामोदर नदी में गंगा दशहरा मेला लगाने का निर्णय लिया गया। यह गंगा दशहरा दामोदर मेला 30 मई को लगेगा। मेला में खोड़हा टीमो द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। मेला के लिए पूर्व में बनी कमेटी ही संचाल्ति करेगी। बैठक में पवन साहू शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, पवन कुमार भगत, संदीप कुमार यादव, हेमलाल गंझू, विजय मुंडा, मनीष भगत, मनोज मुंडा, विशेश्वर मुंडा, विजय मुंडा, विकास मुंडा आदि मौजूद थे।

## अराहंगा के बुरुहातू गांव में छऊ नृत्य का आयोजन



**रड़गांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत अराहंगा पंचायत के बुरुहातु गांव में श्री श्री सार्वजनिक शिव पूजा समिति की ओर से धार्मिक अनुष्ठान शिव पूजा के साथ ही भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव और तमाड़ कसांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा द्वारा छऊ नृत्य अखाड़ा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा आदि अतिथियों का ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मेला में महिला और पुरुष का छऊ नृत्य का अनुपम संगम दिखाया गया। मेला को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम मुण्डा, संतोष मुंडा, कालीचरण मुंडा, ग्राम प्रधान श्री मुंडा, बुधनलाल पातर, मनन सिंह मुंडा, बागराय मुंडा, कैलाश मुंडा, विशाल मुंडा, जनक सिंह मुंडा, सोनाराम पातर, देवचांद मुंडा, अजित मुंडा, घनश्याम मुंडा, संजय मुंडा, सुभाष मुंडा, मदन मुंडा नकुल मुंडा सहित समस्त बुरुहातु गांव के लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

## दुलमी गांव के एक घर में लगी आग, सामान जले

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव के चांद सिंह मुंडा के घर में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो जाने का मामला प्रकास में आया है। घटना रविवार की सुबह 11 बजे के आसपास की बतायी जा रही है। घर से धुंआ निकलता देख लोगों को आग लगने की जानकारी हुयी। आनन-फानन में आग बुझाने का प्रयास किया गया। तब तक घर जल चुका था। आगलगी में घरेलू सामान समेत लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की जानकारी होने पर उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझु गांव पहुंच कर घटना की जानकारी ली और आवेदन तैयार कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाने पर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

**झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की टीम खूंटी पहुंची**

# पुस्तकालयों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करें : अपर्णा सेनगुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पूर्व निर्धारित स्थल अध्ययन यात्रा के क्रम में झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की टीम रविवार को खूंटी पहुंची। भ्रमण में झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की सभापति सह निरसा की विधायक अपर्णा सेन गुप्ता की अध्यक्षता में परिसदन के सभाकक्ष में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान राज्य सरकार की वित्त संपोषित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से जिले में पिछले तीन सालों के दौरान पुस्तकालयों के विकास में किये कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित पुस्तकालयों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों में कोर्स की किताबों, प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित किताबों के साथ बच्चों की रुचि के अनुसार ज्ञानबर्द्धक किताबों की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि बच्चों के पढ़ने की इच्छा जागृत हो। बैठक के दौरान राजस्व, भूमि सुधार, पेयजल एवं स्वच्छता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, कल्याण, आपूर्ति, खेल विभाग, पथ निर्माण, पशुपालन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों, कार्य प्रगति एवं पूर्ण हाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। मौके पर सभी विभागों के पदाधिकारियों को कार्य को गति देने एवं कल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों अच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक ग्राम उलिहातु के समग्र विकास को लेकर विचार -विमर्श किया। उन्होंने कहा कि उलिहातु को राज्य स्तर पर मॉडल ग्राम के रुप में विकसित किया जायेगा।



## सीबीएसइ परीक्षा में सफल बच्चों को मुखिया रीना देवी ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामना



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा घोषित 10वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बच्चों से बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। जानकारी के अनुसार सीबीएसई बारहवीं और दसवीं बोर्ड परीक्षा मे टॉपर रहे छात्रो से मुखिया रीना देवी ने उनके घर जाकर मुलाकात किया। साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के दसवीं बोर्ड परीक्षा की टॉपर सृष्टि श्रेया, बारहवी बोर्ड परीक्षा विज्ञान संकाय की टॉपर शालिनी रानी और वाणिज्य संकाय टॉपर महिमा कुमारी को बधाई देते हुए उन्हें मिठाई खिलाया। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा है। इसके लिए बच्चों के अभिभावक और स्कूल के शिक्षक बधाई के पात्र है। कोयलांचल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने सफल बच्चों से आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना की।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब का समर कैंप 28 मई से

**पिपरवार/खलारी (आजाद सिपाही)।** गणेश स्पोटिंग क्लब राय की ओर से 28 मई से एथलेटिक्स एवं फुटबॉल समर कैमं का आयोजन किया जाएगा। क्लब के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र के अम्बेडकर मैदान राय, डकरा स्टेडियम और चार नम्बर खेल मैदान बचरा मे 28 मई से 04 जून तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# वन पर्यावरण मेला को लेकर बैठक, तैयारियों पर हुई चर्चा



**मेला को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का किया गया गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा पंचायत अंतर्गत बेंती गांव में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष 5 जून को पैना पहाड़ में लगने वाले पर्यावरण मेला की तैयारियों एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में मेला को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से एक आयोजन समिति का गठन किया गया।

आयोजन कमेटी में मुख्य संरक्षक मनेश्वर मुण्डा, मंजोति देवी, संरक्षक बनु बेदिया, संजय भोगता, टूनी देवी, इमा देवी, पूनम देवी, अध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, सचिव गंधिया करमाली, कोषाध्यक्ष बालकराम मुण्डा एवं सदस्य बाबुलाल करमाली, गंगा मुण्डा, तीर्थ पहान, सालिकराम पहान, धनराज करमाली, राजेन्द्र मुण्डा, दीपक मुण्डा, संजय मुण्डा, विदेश मुण्डा, जंगल मुण्डा, रंजीत मुण्डा, लालजी बेदिया, अरूण मुण्डा आदि बनाए गये।

# वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अमर चौधरी ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिमलिया गांव निवासी जोगना महतो की मृत्यु विगत दिनों एक हादसे के दौरान हो गई थी। मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। सूचना पाकर रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी मृतक के घर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कहा कि आगे भी पीड़ित परिवार की मदद के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर डॉ रिझू नायक, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, सुनील महतो, राजू महतो आदि मौजूद थे।

# जनकल्याण समर्पण संस्थान ने किया जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन




**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जनकल्याण समर्पण संस्थान के तत्वावधान में स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना के नहर में रविवार को जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 86 जूनियर व सीनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे फ्री स्टाइल, बटर फ्लाई, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक एवं लॉन्ग डिस्टेंस की कुल 18 स्पर्धाएं हुईं। जूनियर के ओवर ऑल चैंपियन आशुतोष करमाली 4 स्वर्ण व 1 रजत पदक, सीनियर के ओवर ऑल चैंपियन अमर कुमार गंझू 4 स्वर्ण व 1 रजत पदक जीते। प्रतियोगिता पूर्व स्टेट चैंपियन अमन कुमार जायसवाल की देखरेख में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। पुरस्कार वितरण के दौरान अमन जायसवाल ने कहा कि तैराकी के विकास और क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं को निखारने में जनकल्याण समर्पण संस्थान बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने की। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि जनकल्याण समर्पण संस्थान तैराकी के विकास और क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए पिछले 9 वर्षों से कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सत्यपाल राउत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष रमण कुमार, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सदस्य मघू करमाली, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# स्टेट चैंपियन बेटियों को राज्यसभा सांसद ने खेल सामग्री देकर किया सम्मानित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी आगर टोली के मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियन रही बालिका टीम को रविवार को खेल सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने रविवार को सभी खिलाड़ियों को खेल सामग्री देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बेटियों ने सीमित संसाधन में भी अपनी प्रतिभा की बदौलत पूरे राज्य में अपना लोहा मनवाया है। विदित हो कि पिछले दिनों उन्होंने विजेता टीम की बेटियों को खेल सामग्री देने की घोषणा की थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अमरनाथ चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, विक्रांत तिवारी, सांसद प्रतिनिधि नंदलाल राम, राजधाम साहू, शिवधर रजवार, बलराम कुमार साहू, अनिरूद्ध साहू, धनेश्वर बेदिया, मनीष महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**चुनाव :** अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरो के सदर व सेक्रेट्री पद का चुनाव संपन्न

# चौथी बार सदर बने मजीद अंसारी तबारक हुसैल चुने गये सेक्रेट्री

**अंजुमन क्षेत्र में समाजिक सुधार, शिक्षा पर जोर एवं दहेज व नशापान में रोक लगाने के लिए उठाए जाएंगे कड़े कदम : मजीद अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरो के सदर व सेक्रेट्री पद का चुनाव अंजुमन निर्वाचन कमेटी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें लगातार चौथी बार मजीद अंसारी सदर निर्वाचित हुए। उन्हें 449 मत प्राप्त हुआ, उपविजेता ईदुल अंसारी को 358 मत मिले। वहीं सेक्रेट्री पद के लिए तबारक हुसैन को सर्वाधिक 409 मत प्राप्त हुए। उपविजेता जावेद अख्तर को 160 मत मिले। इसके अलावा नायब सदर के पद पर हजरत अंसारी, नायब सेक्रेट्री परवेज आलम, खजांची अफजल हुसैन व ऑडिटर के पद पर फिरदौश आलम निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। मतदान और मतगणना के लिए मदरसा इस्लामिया को केन्द्र बनाया गया था। जिसमें पिठोरिया थाना पुलिस के जवान व निर्वाचन कमेटी के दर्जनों वोलेंटियर्स ने शांतिपूर्वक निर्वाचन कार्य व मतगणना सम्पन्न कराया।

नवनिर्वाचित सदर मजीद अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि अंजुमन क्षेत्र में समाजिक सुधार व शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। वहीं दहेज व नशापान में रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। इन्हें रांची अंजुमन के सदर हाजी मोख्तार अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, वरीय समाजसेवी शकिल अंसारी, शेख सहाबुद्दीन सहित गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। अंजुमन चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में मुख्य निर्वाचन आयुक्त अफरोज आलम, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अली ईमाम अंसारी, मोहम्मद अफरोज आलम, रुहुल अमीन, अजहर अंसारी, रिजवान अहमद, रेयाज अहमद, फिरोज आलम, खेमचन्द्र पहान, मुखिया उज्जवल पहान, कासीम अंसारी, महताब आलम, तस्लीम अहमद सहित दर्जनों वोलेंटियर्स की सक्रिय भूमिका रही।

# हटिया विधायक ने किया पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कहा- नगड़ी प्रखंड क्षेत्र का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य है**

**नगड़ी पंनछिगा से पिस्का गांव तक और बंधया गांव की ओर जाने वाली जर्जर सड़क का भी शीघ्र पुनर्निर्माण कराने की बात कही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के स्वर्ण रेखा मुक्तिधाम के समीप नगड़ी बंधया रोड पर विधायक नवीन जायसवाल ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत निर्मित पुल स्वर्ण रेखा नदी पर बनाया जा रहा है। 02 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस पुल की चौड़ाई सात मीटर और लंबाई तीस मीटर होगी। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि नगड़ी प्रखंड क्षेत्र का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आम लोगों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संग सामंजस्य बनाकर कार्य करने की जरूरत है। तभी विकास कार्य तेजी से और गुणवत्ता पूर्वक किये जा सकते हैं। उन्होंने नगड़ी पंनछिगा से पिस्का गांव तक और बंधया गांव की ओर जाने वाली जर्जर सड़क का भी शीघ्र पुनर्निर्माण कराने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य पुनम देवी, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, बजरंग महतो, मुखिया मंजीत उरांव, शीला देवी, चुड़ामणी महतो, विनोद केशरी, अयोध्या महतो, रामेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पड़हा समाज के लोगों ने जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

**10 पड़हा के ग्रामीणों की बैठक में तीन जून को बेड़ो बाजार टांड़ में लगने वाले 57वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के आयोजन पर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** 10 पड़हा कटरमाली के तत्वावधान में मुड़ामु गांव स्थित स्कूल के समीप रविवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा की अध्यक्षता में पड़हा समाज के लोगों की एक बैठक हुई। इसमें आदिवासी समाज के व्यापक हित में सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्यता व पड़हा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही पड़हा समाज के लोगों ने एकजुट होकर जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया।

वहीं बैठक में आदिवासी समाज के व्यापक हित में शराब बंदी अभियान पर जोर देने, विशु शिकार में अपने प्रतीक चिन्ह के साथ शामिल नहीं होने वाले शहेदा गांव को सामाजिक दण्ड के रूप में सामूहिक खस्सी भात भोज का आयोजन करने तथा पुरियो व जरिया गांव के जमीन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गयी।

बैठक में 10 पड़हा राजा कोमल उरांव व अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि इस वर्ष आगामी तीन जून को बेड़ो बाजार टांड़ में लगने वाले 57वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। उन्होंने 10 पड़हा क्षेत्र के 10 गांवों के पड़हा समाज के लोगों से बेड़ो बाजार टांड़ में निकलने वाली शोभायात्रा में पड़हा समाज के प्रतीक चिन्ह व झण्डा, नगाड़ा, ढोल, ढाक के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि शोभायात्रा जरिया गांव से शुरू होगी, जो तीन किलोमीटर की दूरी तय करते हुए बेड़ो बाजार टांड़ में पहुंच कर एक समारोह में बदल जाएगी। बैठक में पूर्व कुलपति डा रवीन्द्र नाथ भगत ने कहा कि पड़हा समाज के सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने में यह समारोह एक सशक्त माध्यम और आधार है। इसे हमलोग अब भारत के गोवा व ब्राजील में होनेवाले कार्निवाल की तर्ज पर विकसित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर विकास नहीं हो सकता। बैठक में आदिवासी शोध एवं सामाजिक सशक्तिकरण अभियान रांची के प्रो. रामचंद्र उरांव, डा. विनीत कुमार भगत, नागराज उरांव, फूलदेव भगत व 10 पड़हा समिति के विन्नी उरांव, विजय उरांव, पूषा उरांव, कुलदीप उरांव, बांदे लकड़ा, संजय लकड़ा, बंधना टाना भगत, पंचम उरांव, पंचू उरांव, मलरू भगत, खद्दी उरांव, प्रो मंगा उरांव, विशु उरांव आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन बुधनाथ उरांव व धन्यवाद ज्ञापन संजय लकड़ा ने किया।

**कार्यक्रम :** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बीएड विभाग में वार्षिक मिलन समारोह आयोजित

# संस्थान आपकी सफलता के लिए समर्पित है : दीपाली पराशर

**आपकी सफलता में ही हमारा मान छुपा हुआ है : प्राचार्य राकेश कुमार राय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के प्रांगण में आज भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बी.एड. विभाग में वार्षिक मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बी.एड. के सभी सत्रों के पूर्ववर्ती छात्र/छात्राओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का स्वागत कॉलेज के वर्त्तमान छात्र-छात्राओं के द्वारा उन्हें पुष्पमाला व बूके देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थीं। मौके पर प्राचार्य राकेश कुमार राय एवं डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, व्याख्यातागण मौजूद थे।



शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि आपलोगों को दोबारा इस संस्थान में देखकर आज मैं इतनी खुश हूं कि वास्तव में आज भी आप सभी इस महाविद्यालय परिवार के अभिन्न अंग बने हुए हैं। आप सभी ऊंचाई के शिखर पर पहुंचें यही मैं आपसे आशा व उम्मीद करती हूं। हम सभी आपकी सफलता की कामना करते हैं।

प्राचार्य राकेश कुमार राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सफलता में ही हमारा मान छुपा हुआ है। आप जितना भी ऊंचाइयों के शिखर पर पहुंचेंगे उतना ही हमारे प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षकों के लिए गौरव की बात होगी। डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने पुराने पलों और पुराने रिश्तों का जश्न मनाने के साथ-साथ नए रिश्तों का अध्याय शुरू करने के लिए उपस्थित हमारे तराशे गये हीरे की कामयाबी की कामना करते हुए कहा कि सफलता आप सभी के जीवन का लक्ष्य है। कड़ी मेहनत व उत्साह के बिना कोई भी सफलता हासिल नहीं हो सकती है। इसलिए आपको सभी विपरित परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसारित होने का प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्ववर्ती विद्यार्थी नीरज सिंह, कामिनी त्रिवेदी, रवि उरांव, ब्रजेश कुमार, मिनाक्षी कुमारी, डोली गाड़ी, सद्दाब, सफीकउल्लाह आदि ने अपने अनुभव साझा किये। मौके पर व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, मधुरंजन तथा कर्मचारी एस.एन. सहाय, तुलसी दास, नवरंजन, पंकज कुमार शर्मा, चिन्ता उरांव, सुरेन्द्र, इमरोज, महेन्द्र आदि उपस्थित थे। मंच संचालन काजल भारती, रौशन कुमार, रबीना कुमारी तथा सलोनी प्रिया के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अर्चना तिवारी के द्वारा दिया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में ऑनलाइन विश्व मातृत्व दिवस मना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में ऑनलाइन विश्व मातृत्व दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रंथू साहु ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी माता को जीवन भर सभी बच्चे सम्मान देते हुए उनके योगदान की सराहना करते रहें। जिससे मां और परिवार का आपस में संबंध हमेशा के लिए बना रहे। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न बिंदुओं से भी अवगत कराया। इस अवसर पर बच्चों के बीच ग्रीटिंग कार्ड एवं बुके बनाओ प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें प्रीति कुमारी, खुशी कुमारी और सुप्रिया कुमारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उत्कृष्ट सभी बच्चों को ग्रीष्मावकाश के बाद सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के ग्रुप लीडर सहित विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक की ओर से मृतका के परिजन को श्राद्धकर्म के लिए दिया गया सहयोग



**ओरमांझी (आजाद सिपाही।** प्रखंड के हतवाल टंगटंग टोला के मृतक सुंदर देवी उम्र 70 वर्ष के आकस्मिक निधन हो गया। मृतका के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परिजन श्राद्धकर्म कर पाने में सक्षम नहीं हैं। इस बात की जानकारी कांग्रेस पार्टी क वरिष्ठ नेता व विधायक के निजी सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा विधायक को दी गई। विधायक ने तत्काल पहल करते हुए मृतका के परिजन को सहयोग के रूप में 50 केजी चावल मुहैया कराया। सहयोग के लिए दिये गये चावल को रमेश उरांव के द्वारा परिजन को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश उरांव, ग्राम प्रधान भरत मुंडा, झिरगा पहान, पारसनाथ मुंडा, बिरसी देवी, सेवाराम मुंडा, गणेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

# ईश्वर की साक्षात प्रतिमूर्ति होती है मां : सकलदीप भगत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में सभी माताओं के सम्मान में रविवार को मातृत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काट कर की गई। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने मां के लिए आकर्षक ग्रीटिंग्स बनाकर कविता और संगीत के माध्यम से मां के महत्व पर प्रकाश डाला। एक स्वर में सभी छात्र-छात्राओं ने सिर्फ आज के दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन माता-पिता को सम्मान देने की बात कही। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि मां एक व्यक्ति नहीं, अपितु पूरी दुनिया है, मां ईश्वर की साक्षात प्रतिमूर्ति होती है। उनके समर्पण, त्याग एवं सेवा भाव के ऋण को हम कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा मां की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है और मां हमेशा अपने बच्चों की बात कहे बिना ही आसानी से समझ जाती हैं। मौके पर छात्र-छात्राओं के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच के समर कैंप ने 70 बच्चों ने भाग लिया

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा के तत्वावधान में दो दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ रविवार को राजस्थान भवन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाज सेविका वीणा शर्मा ने बच्चों को समर कैम्प में होनेवाली सभी गतिविधियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका जैन और स्वाति जैन ने किया। अध्यक्ष अंकित जैन ने कहा कि खूंटी में पहली बार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे 70 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने बच्चों को मंच द्वारा आयोजित कैम्प में भेजा। उपाध्यक्ष निक्की जैन, शालिनी जैन एवं गौरव जैन ने कहा कि मंच आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कैम्प की शुरूआत मदर्स डे के उपलक्ष्य में केक कटकर एवं म्यूजिकल चेयर पतियोगिता से की गई। मंच की सदस्य ज्योति पोद्दार ने कार्यक्रम में बच्चों के साथ आई माताओं के लिए मधुर गीत प्रस्तुत कियां अनिगड़ा से दुर्जन हेमरोम (उम्र 12) ने अपनी नृत्य प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों को योगा, बेसिक्स ऑफ हॉकी, चाइनीज व्हिस्पर, रेसिन आर्ट, क्ले आर्ट, मॉकटेल मेकिंग, डांस, इंडोर गेम्स आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## हुसैनाबाद पुलिस ने लूट की बाइक के साथ हथियार भी बरामद किया

# लूटकांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के लंगरकोट गांव के समीप विगत 27 अप्रैल को विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे रिश्ते में मामा-भांजा को बाइक सवार दो अपराधियों ने बंदूक का भय दिखाकर उनकी बाइक, मोबाइल फोन के साथ ही पैसा भी लूट लिया था। भुक्तभोगी ने इस बाबत हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि हुसैनाबाद थाना के जमुआ गांव निवासी वादी विगन राम अपने भांजा के साथ 27 अप्रैल को तड़के तीन बजे में शादी समारोह से लौट रहे थे। जपला पथरा पथ में लंगरकोट पहाड़ी के पास दो अज्ञात अपराधियों ने बंदूक का भय दिखाकर बाइक दो स्मार्ट फोन और पांच हजार रुपये लूट लिया था। जिसे लेकर पीड़ित ने घटना से संबंधित आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर उसी दिन हुसैनाबाद थाना कांड सं-92/23 के तहत भादवी की धारा 356/382 के तहत मामला दर्ज किया गया था। हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश के निर्देश पर पुनि सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान, अनुसंधानकर्ता सअनि बादल मुर्मू एवं सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान लूटे गये मोबाइल का तकनिकी शाखा की मदद से अभियुक्तों तक पहुंच गए। लोकेशन पर छापामारी कर लवकुश कुमार नामक आरोपित के घर से लूटी गयी बाइक, एक नाली का बड़ा बंदूक, एक चाकू और आकाश कुमार के पास से छिना गया मोबाइल बरामद किया गया। छिना गया मोबाइल और बाइक बरामद होने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। लवकुश कुमार उर्फ गोलु (19) हैदरनगर थाना क्षेत्र के जरहीपर ग्राम के सरहु टोला का रहने वाला है। जबकि आकाश कुमार सिंह उर्फ गोलू (24) हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महुअरी टोला टीकरपर का निवासी है। उनके पास से पांच कम्बाईन्ड वर्दी, चार कम्बाईन्ड टी-शर्ट, तीन पीस कम्बाईन्ड टोपी, दो पीस काला गमछा, एक पीस काला बेल्ट बरामद किया है। छापामारी में थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, पुअनि सौरभ कुमार, सअनि बादल मुर्मू (अनुसंधानकर्ता), हवलदार राजमोहन राम आदि शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

# ज्ञानवर्धक है प्रदर्शनी : सांसद वीडी राम

## युवा उत्सव के अवसर पर सीबीसी डालटनगंज ने लगायी चित्र प्रदर्शनी

**पलामू नेहरू युवा केंद्र ने किया युवा उत्सव का आयोजन, जनता शिवरात्रि कॉलेज परिसर में सांसद ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर/पलामू।** केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से युवा उत्सव के मौके पर रविवार को पलामू के नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से जनता शिवरात्रि कॉलेज परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन सांसद विष्णु दयाल (बीडी) राम ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सांसद बीडी राम को केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रकाशित न्यू इंडिया समाचार की हालिया प्रति भी भेंट की गई। सांसद में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी काफी ज्ञानवर्धक है। इसमें पलामू के स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में श्री अन्न (मोटा अनाज) के बारे में प्रकाशित जानकारी देखकर सांसद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के मौके पर यह जानकारी लोगों को जागरूक करेगी। इस दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री मनोज कुमार ने सांसद महोदय को प्रदर्शनी की विशेषताओं के बारे में बताया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए सभी लोगों को न्यू इंडिया समाचार की प्रतियां भी भेंट की गई साथ ही साथ उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्राचार्य श्री आर पी सिंह, नेहरू युवा केंद्र पलामू की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, सीबीसी डाल्टनगंज के सुफल भेंगरा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से किया गया। युवा उत्सव के दौरान झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा युवा उत्सव के मौके पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का हुआ भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज एवं अम्बा थाना पुलिस के संयुक्त छापामारी में अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाोड़ करते हुए छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों हरिहरगंज थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। इसके लिए पुलिस की टीम गठित की गई और अम्बा पुलिस के मदत से चोरों के एक सदस्य तक पहुंच गई। एक के बाद एक करके पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे जब पूछताछ की गई तो आरोपियों ने हरिहरगंज, अम्बा और देव थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने रविवार को बताया कि पकड़े गए बदमाश हरिहरगंज के 7 कांड, अम्बा थाना के 2 कांड एवं देव थाना के 3 कांडों में शामिल हैं। कांड में चोरी गए 50 बोरी अनाज, ताला काटने वाले औजार, चोरी में प्रयुक्त टेम्पो के अलावे अन्य सामानों का भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम अनिल पासवान, टुन्ना पासवान (दोनों ग्राम डुमरी थान अम्बा निवासी), संतोष पासवान ग्राम चिल्की थाना दाऊद नगर, छोटु कुमार ग्राम बैजल थाना अम्बा, आनंद साव डुमरी थाना अम्बा, सूबेदार पासी पिता चलितर पासी ग्राम डुमरी थाना अम्बा शामिल हैं। इस अभियान में हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, अम्बा थाना प्रभारी रमेश कुमार सिंह, हरिहरगंज थाने के एसआइ निर्भय कुमार, रंजीत कुमार, शिवशंकर कुमार,एएसआई जितेंद्र कुमार एवं पुलिस बल शामिल हैं।

## गरीब-असहाय की सेवा सबसे बड़ा मानवता धर्म : राजू

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने कचरा गांव निवासी कृष्णा शर्मा के पुत्री की शादी के लिए आर्थिक सहायता कर उनकी खुशियों में शामिल हुए।उनकी सहायता के लिए परिवार के सदस्यों ने उन्हें दिल से आशीर्वाद दिया। मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि हमारा लगातार कोशिश रहता है कि गरीबों, जरूरतमंद लोग व वृद्धजनों की मदद की जाए ।

# ट्रेन के उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव शुरू होने से आसपास के लोगों को होगी सुविधा: सांसद

**इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उंटारी रोड स्टेशन पर हुआ ठहराव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**उंटारी रोड/पलामू।** उंटारी रोड स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर 18635/36 रांची-सासाराम -रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। पलामू सांसद वीडी राम ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हो रहे रेल विकास कार्यों का आभार व्यक्त करते हुए रांची-सासाराम- रांची एक्सप्रेस के उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव हेतु रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद किया तथा रेलवे की सराहना की। सांसद ने कहा कि इस ट्रेन के उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विभाकर नारायण पाण्डेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अरविन्द सिंह, रामचन्द्र यादव, सोमेश सिंह, सूरज विश्वकर्मा, सुशील कुमार ठाकुर, अजीत चंद्रवंशी,जितेंद्र ठाकुर,सांसद प्रतिनिधगण, दीनदयाल उपाध्याय मंडल के रेलवे पदाधिकारीगण, मुखियागण एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता एवं यात्रीगण उपस्थित थे। विदित है कि यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा 18635/18636 रांची- सासाराम- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) के अंतर्गत उंटारी रोड स्टेशन पर शुक्रवार से दो मिनट का ठहराव दिया गया है। उक्त ठहराव के साथ अब 18635 रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 22:18 बजे उंटारी रोड स्टेशन पहुंचकर 22:20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी और 18636 सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 5:10 बजे उंटारी रोड स्टेशन पहुंचकर 5:12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# लंबी दूरी की विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में चलाया गया विशेष जांच अभियान, 267 बेटिकट यात्री धराये

**डाल्टनगंज से रेनुकूट के बीच चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, अबतक का सबसे ज्यादा राजस्व की हुई वसूली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से रेनुकूट के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाये गए विशेष चेकिंग अभियान में रिकॉर्ड 267 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के आरोप में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से अबतक का सबसे बड़ा राजस्व एक लाख 50 हजार 900 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से अबतक का सबसे बड़े लक्ष्य का प्राप्त करने में सफलता हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि इसके पहले अभीतक न तो इतने अनाधिकृत यात्रियों को बेटिकट यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया था और न ही इतनी बड़ी राशि(राजस्व) की वसूली हो पाई थी। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। जांच अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविंद्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

# शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगी आग, हजारों का नुकसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत प्रसडीह गांव में रविवार की सुबह 25 केवीए का ट्रांशफार्मर में शॉर्ट लगने से करीब 40 घरों में आग लगने से बाल-बाल बच गया। हालांकि इस दौरान सीताराम यादव के पुत्र संजय यादव के घर में आग लग गई। ग्रामीण आग पर काबू पाते इससे पहले घर में रखे करीब 20 हजार रुपये, गेहूं, चावल, आंटा, आलू, प्याज, दाल के अलावे घर में रखे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, कपड़ा, बिछावन, खाटी, पलंग, बक्सा सहित कई सामान जल कर राख हो गया। नगदी 20 हजार रुपये के अलावे कथित तौर पर 80-90 हजार रुपये का नुकसान बताया गया है। वहीं रोती बिलखती पीड़ित महिला पचिया देवी ने बताया की पति संजय यादव कुछ दिनों पहले घर के खर्चे के लिए पैसे भेजे थे। राशन खरीदने के बाद बीस हजार रुपये बचे हुए थे, वो भी जलकर राख हो गया। घर में खाने के लिए एक दाना भी नहीं बचा है। पीड़ित महिला ने बताया कि घर के बाहर ढाबे में खाना बना रही थी।आग लगने के बाद धुंआ से पता चला कि घर में आग लग गई और चिलाई तब ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।प्रसडीह करीब 40 घरों का एक गांव है और यहां पर अधिकतर फुस तथा खपरैल मकान के साथ ही सभी एक दूसरे से सटे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि 25 केवीए का ट्रांसफार्मर में शॉर्ट करने के बाद पूरे गांव के घरों में तार शॉर्ट की है। जिससे फंखा, टीवी, मिटर, मोबाईल चार्जर आदि इलेक्ट्रॉनिक चीजें जल गए हैं।

## वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधि ने प्राचार्य से की मुलाकात

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को गणेश लाल अग्रवाल के प्राचार्य से मिलकर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही मांग की कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का निवारण किया जाए। बताते चलें कि सत्र 21-24 के जूलॉजी ऑनर्स के कुछ विद्यार्थियों की आंतरिक परीक्षा में दिए गए अंक को अपडेट नहीं किया गया था, जिससे उन विद्यार्थियों के रिजल्ट में त्रुटि हो रही थी। वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि आंतरिक परीक्षा में दिए गए नंबर को अपडेट ना होने से विद्यार्थी चिंतित है, इसे जल्द से जल्द ठीक किया जाए। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में आए दिन ऐसी समस्याएं देखने को मिलती हैं, जिससे छात्र छात्राएं प्रभावित होते हैं। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि ऐसी समस्याओं से साफ मालुम होता है कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में समन्वय ठीक से नहीं बैठ पा रहा है। अक्षय गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालयों को इन विषयों पर सजग होना चाहिए।

# स्पोर्ट्स



भारतीय एथलिटक्स संघ, झारखंड एथलेटिक एवं कला, संस्कृति खेलकूद की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में 15-18 मई तक 26वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सिनियर एथलेटिक्स चैंपियनशीप का आयोजन किया गया है।

## रांची में 26वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से

# रांची के मोराबादी में लगा 700 एथलीटों का जमावड़ा

**वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप, बुडापेस्ट एवं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, थाईलैंड क्वालीफाईग के लिए लगाएंगे जोर**
**पहले दिन होंगे पांच फाइनल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली के भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) और झारखंड एथलेटिक संघ एवं रांची के पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद व युवा कार्य विभाग संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से 18 मई तक मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में 26वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सिनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के लगभग 700 पुरूष और महिला एथलीट के अलावा 150 तकनीकी पदाधिकारी, प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने को लेकर रविवार की देर शाम तक खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, एएफआई के सचिव डॉ रविंद्र चौधरी, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भारतीय एथलेटिक्स संघ के मुख्य कोच राधा कृष्ण नायर, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सी. डी. सिंह , एस के पाण्डे, आशीष झा, प्रभाकर वर्मा, अनवर समेत संघ के अधिकारी लगे हुए थे।



मोराबादी में उपस्थित खिलाड़ी व अन्य गणमान्य लोग।

### आज होनेवाले कार्यक्रम की विस्तृत सूची

**पूर्वाह्न**

1. प्रातः 5.40 -पुरूष वर्ग - 10,000 का फाइनल
2. प्रातः 6.20 महिला वर्ग - 10,000- फाइनल
3. प्रातः 7.00 -पुरूष वर्ग - 1500- राउंड - 1
4. प्रातः 7.20 -पुरूष वर्ग -100 मी० डेकाथलन- 1
5. प्रातः 8.00 -पुरूष वर्ग - 100 मी०- राउंड - 1
6. प्रातः 8.05 -पुरूष वर्ग - लम्बी कूद- डेकाथलन - 2
7. प्रातः 9.00 -पुरूष वर्ग - 400मी०- राउंड - 1
8. प्रातः 9.05 -पुरूष वर्ग - शॉटपुट डेकाथलन- राउंड -3

**अपराह्न**

9. अपराह्न 5.30 -पुरूष वर्ग - ऊंची कूद डेकाथलन- राउंड - 4
10. अपराह्न 6.00 महिला वर्ग - हैमर- फाइनल
11. अपराह्न 6.10 पुरूष वर्ग - शॉटपुट- क्वालिफाइंग राउंड ए. एवम बी.
12. अपराह्न 6.20 महिला वर्ग - 100 मी.- राउंड- 1
13. अपराह्न 6.40 पुरूष वर्ग - 100 मी - सेमी फाइनल
14. अपराह्न 6.50 पुरूष वर्ग - लंबीकूद - क्वालीफाइंग राउंड ए. एवम बी
15. अपराह्न 7.10 महिला वर्ग - 400 मी.- राउंड-क
16. अपराह्न 7.30 पुरूष वर्ग - 400 मी.- सेमीफाइनल
17. अपराह्न 7.50 पुरूष वर्ग- डेकाथलन - 400 मी.- राउंड-२
18. अपराह्न 8.10 पुरूष वर्ग - 3000 मी.स्टीपल चेज - फाइनल
19. अपराह्न 8.30 महिला वर्ग - 3000 मी.स्टीपल चेज- फाइनल

# बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स पर दर्ज की 112 रनों से बड़ी जीत

**एजेंसी।**

**जयपुर।** पिछले सीजन की फाइनलिस्ट राजस्थान रॉयल्स को इस इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में अपने होमग्राउंड पर रविवार को करारी हार झेलनी पड़ी। टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 112 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मेजबान टीम 172 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम महज 59 रन पर सिमट गई। यह आइपीएल अतिहार का तीसरा सबसे छोटा इनिंग टोटल है। दूसरा सबसे छोटा स्कोर भी राजस्थान रॉयल्स के ही नाम है। 2009 में टीम 58 रन पर ऑलआउट हो गई थी। तब भी बेंगलुरु ने ही टीम को ऑलआउट किया था। लीग के सबसे छोटे स्कोर की बात करें तो यह रिकॉर्ड आरसीबी के नाम दर्ज है। बेंगलुरु की टीम 2017 में कोलकाता के खिलाफ 49 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इस जीत से राजस्थान की टीम टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। टीम के 12 मैचों के बाद 12 अंक हैं।

### लगातार विकेट गंवाकर हारा राजस्थान

172 रन के लक्ष्य के जवाब में राजस्थान ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी 19 रन की हुई, जो अश्विन और शिमोरान हेटमायर ने की। शिमरोन हेटमायर (35 रन) टॉप स्कोरर रहे। शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। वेन पार्नेल ने 3 विकेट चटकाए। माइकल ब्रेसबेल और करण शर्मा को दो-दो सफलताएं मिलीं। एक-एक विकेट सिराज और ग्लेन मैक्सवेल को मिला। इससे पहले, बेंगलुरु की ओर से कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 55, ग्लेन मैक्सवेल ने 54 और अनुज रावत ने नाबाद 29 रन बनाए। एडम जंपा और केएम आसिफ को दो-दो विकेट मिले।

### पावरप्ले में पवेलियन लौटे राजस्थान के आधे बल्लेबाज

172 रन का टारगेट चेज करने उतरी राजस्थान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 5 विकेट गंवा दिए। टीम का टॉप-5 बल्लेबाजों में कोई 10 के आंकड़े को पार नहीं कर सका। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सीजन का 5वां अर्धशतक जमाया। उनकी इस पारी में 5 चौके व 3 छक्के शामिल थे।

### भूली की बी टाइप कॉलोनी में सेप्टिक टैंक साफ करने उतरे थे बीसीसीएल के मजदूर

# दम घुटने से एक की मौत, दो गंभीर

हादसे के बाद से प्रबंधन के खिलाफ लोगों में नाराजगी





घायल मजदूर व सेप्टिक टैंक।

## विधायक राज सिन्हा ने की मृतक के आश्रित को नौकरी और 15 लाख मुआवजा देने की मांग



अस्पताल पहुंच कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते विधायक राज सिन्हा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के भूली ओपी अंतर्गत बी टाइप कॉलोनी में रविवार को सेप्टिक टैंक साफ करने अंदर गए तीन मजदूरों में से एक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसी हादसे में दो अन्य मजदूर गंभीर रुप से बीमार हैं, जिनकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों की मदद से तीनों मजदूरों को सेप्टिक टैंक से बाहर निकाल कर एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बबलू बाल्मीकि (35) नामक मजदूर को मृत घोषित कर दिया। जबकि निर्मल बाल्मीकि और पिंटू बाल्मीकि की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। फिलहाल एक का इलाज स्थानीय अशर्फी अस्पताल, जबकि दूसरे का बीसीसीएल के सेंट्रल अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों भूली के ए टाइप कॉलोनी स्थित अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं।

### यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से एशिया के सबसे बड़ी श्रमिक कॉलोनी कहे जाने वाले भूली बी टाइप कॉलोनी में सेप्टिक टैंक सफाई के लिए तीन मजदूर को भेजा गया। सबसे पहले बबलू बाल्मीकि सफाई के लिए टैंक के अंदर उतरा था। जहां जहरीली गैस की वजह से घुटन महसूस होने लगी। इससे पहले की वह बाहर निकल पाता अंदर ही गश्त खा कर गिर कर छटपटाने लगा। यह देख उसके साथी निर्मल और पिंटू तुरंत उसे निकालने के लिए टैंक के अंदर घुसे। पर वे भी गैस की चपेट में आ गए। किसी प्रकार उनके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। साथ ही तीनों को निकालने का भी प्रयास करने लगे। कड़ी मुशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया और सभी को एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया।

### घटना को लेकर लोगों में रोष, प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

बताया जा रहा कि इनमें से बबलू और निर्मल बीसीसीएल कर्मी है, जबकि वे लोग पिंटू को अपने साथ मदद के लिए ले आये थे। घटना के बाद पीड़ित के परिजन सहित स्थानीय लोगों में भूली टाउन एडमिनिस्ट्रेशन (बीटीए) प्रबंधन के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि बिना सुरक्षा उपाय के ही बिटीए प्रबंधन ने इन्हें सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए भेज दिया, जिस कारण घटना घटी है।

### जानकर आश्चर्य हुआ कि बीसीसीएल के बीच टैंक सफाई करने कीमशीन नहीं है : राज सिन्हा

सूचना पाकर धनबाद विधायक राज सिन्हा एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बीसीसीएल की लापरवाही बताते हुए कहा कि उन्हें तो यह जानकर आश्चर्य हुआ कि बीसीसीएल के पास सेप्टिक टैंक साफ करने की मशीन तक नहीं है। बीसीसीएल अभी तक सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए मैनुअली तरीका अपनाता है। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जाहिर करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और बीसीसीएल प्रबंधन से मृतक के परिजन को अविलंब नौकरी और 15 लाख रुपये का मुआवजा देने और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।

### घर का अकेला कमाने वाला था बबलू

बबलू बाल्मीकि के बारे में बताया जा रहा कि वो अपने घर का अकेला कमाने वाला था। उसके पिता भी बीसीसीएल कर्मी थे, जिनकी 12 साल पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद मां की जगह बबलू को पिता की नौकरी मिली थी। बबलू की 12 साल की एक बेटी और 10 साल का एक बेटा है। वहीं मां सुंदरी देवी और पत्नी ममता देवी की घटना की खबर मिलते ही रो-रो कर बुरा हाल है। आसपासके लोग उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

## बरवाअड्डा पुलिस ने किया चोरी का उद्भेदन, नकदी समेत एक गिरफ्तार



भगिनी की शादी में खर्च किया 50 हजार रुपया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बाजार समिति स्थित संजय अग्रवाल की दुकान से विगत दिनों चार लाख नगद और सीसीटीवी का डीबीआर चोरी मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसका नाम बलराम मतहो (26) है। वह बरवाअड्डा के ही फुफवाडीह का रहने वाला है। उसके पास से नगद तीन लाख 44 हजार 750 रुपये और सीसीटीवी का डीबीआर भी बरामद कर लिया गया है। इस बाबत डीएसपी हेडक्वार्टर-1 अमर पांडेय ने रविवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 10 मई को बाजार समिति स्थित संजय अग्रवाल की दुकान से सटे बगल के दुकान का शटर तोड़कर भुक्तभोगी के केबिन का शीशा तोड़कर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था। जिसकी लिखित शिकायत के बाद बरवाअड्डा थाना में कांड संख्या 91/23 दर्ज के पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया और कांड का उद्भेदन किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि चोरी की गए रुपयों में से उसने 50 हजार रुपये अपनी भगिनी की शादी में खर्च किये हैं।

## बिजली-पानी और सफाई के मुद्दे को लेकर युवा संगठन ने खोला मोर्चा, दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया की मूलभूत सुविधाओं में व्याप्त समस्या को लेकर झरिया वासी अब मुखर हो आंदोलन की रणनीति बना रहे है। इसे लेकर रविवार को अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण में सामाजिक संस्था युवा संगठन ने प्रेस वार्ता किया। संस्था के अध्यक्ष सौरव शर्मा के नेतृत्व में पानी-बिजली और नाली की साफ-सफाई की समस्या को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि क्षेत्र के पोद्दार पाड़ा, मिश्रा पाड़ा, केवट पाड़ा सहित अन्य इलाकों में स्थित नालियों में कचरे का अंबार जमा है, लेकिन कोई जनप्रतिनिधि इस पर गंभीरता से संज्ञान नहीं ले रहे। जिससे हम लोगों को बरसात में तरह-तरह की बीमारी का सामना करना पड़ता है एवं नाली का पानी घरों में घुस जाता है।

### रघुवर सरकार में शुरू हुई योजना आज भी अधूरी

बताया कि हर घर में जल और नल योजना का शिलान्यास रघुवर सरकार की ओर से 16 अक्टूबर 2019 को किया गया था। उस समय योजना के मद में 310 करोड़ आवंटन हुआ था। इससे जनता में खुशी का माहौल था, लेकिन आज 2023 तक धरातल पर संपूर्ण कार्य नहीं हो पाया जिससे जनता में अच्छी खासी नाराजगी है। आंकड़ा के हिसाब से हर घर जल और नल का कार्य 40 प्रतिशत ही धरातल पर उतरा जिससे तमाम जनता निराशा महसूस कर रही है। वहीं, बिजली की घोर समस्या पर भी नाराजगी जताई। युवा संगठन के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं कराया गया तो संगठन के सदस्य स्थानीय लोगों के साथ आंदोलन पर उतरने को बाध्य होगी। इस मौके पर प्रवीण कुमार सिंह, कुणाल सिंह, झूलन सिंह, चेतन सिंह, मनोज सिंह, पिंटू मोदी, देवाशीष चक्रवर्ती, सुनीता देवी, संजय पेंटर, विश्वनाथ दत्ता, रिंकी देवी, उषा देवी, प्रतिमा देवी, मालती देवी, बोनी धीवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## संयुक्त ग्रामीण एकता मंच ने किया खेमका आउटसोर्सिंग का चक्का जाम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बाघमारा/कतरास।** संयुक्त ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले नौ सूत्री मांग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के ईस्ट बसुरिया कोलियरी अंतर्गत संचालित खेमका केरियर प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर दिया गया। संयुक्त ग्रामीण एकता मंच के जिला परिषद सदस्य मो इसराफिल उर्फ लाला ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी के कारण स्थानीय रैयतों व बेरोजगार युवकों का अधिकार छीना जा रहा है। प्रबंधन को 9 सूत्री मांग पत्र पहले भी दिया गया था। मगर प्रबंधन ने कोई पहल नहीं किया। कहा कि प्रबंधन को रैयतों को जमीन का मुआवजा और बेरोजगार युवकों को 75 फीसदी नियोजन देना होगा। स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य व पेयजल की सुविधा देनी होगी। उधर, संयुक्त ग्रामीण एकता मंच के घंटों चक्का जाम के बाद प्रबंधन की ओर से वार्ता के लिए बुलाया गया। संयुक्त ग्रामीण एकता मंच की ओर से इसराफील उर्फ लाला खेमका कैरियर प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग की ओर से डब्ल्यू आलम व ईस्ट बसुरिया कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी क्यू आई खान ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार शामिल थे। लेकिन घंटों चली वार्ता बेनतीजा रही। समाचार लिखे जाने तक चक्का जाम आंदोलन जारी रहा है।

## जामताड़ा के साइबर अपराधी को धनबाद पुलिस ने दबोचा, पूर्व में जा चुका है जेल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जामताड़ा के साइबर अपराधी को धनबाद पुलिस ने शनिवार को सरायढेला थाना क्षेत्र के बिग बाजार के समीप से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत हेडक्वार्टर डीएसपी-1 अमर पांडेय ने रविवार को धनबाद पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि जामताड़ा के कुछ साईबर अपराधी सरायढेला थाना अंतर्गत बिग बाजार आये हुए थे। गुप्त सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल का गठन कर छापामारी की गयी। हालांकि एक साइबर अपराधी ने पुलिस दल को देख लिया और भागने लगे। पर उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से कई संदिग्ध सामग्री के अलावा दो मोबाइल फोन, एक कार और नकद 4010 रुपया बरामद किया गया। उसका नाम प्रितम मंडल उर्फ मोटू मंडल है। वह जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। डीएसपी ने बताया कि वह पहले भी जामताड़ा थाना के एक कांड में जेल भी जा चुका है।

## पुलिस व पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, तेतुलमारी थाना प्रभारी बने मैन ऑफ दी मैच



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** पुलिस व पत्रकार एकादश के बीच रविवार को माथाबांध ग्राउंड में एकदिवसीय मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। पत्रकार एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पुलिस एकादश की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाएं। वहीं पत्रकार एकादश की टीम निर्धारित ओवर में 160 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले तेतुलमारी थाना प्रभारी आशीष यादव मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी देते हुए बाघमारा प्रखंड के उप प्रमुख रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ती है। आगे भी इस प्रकार के आयोजन किया जाना चाहिए। विजेता टीम के कप्तान बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल और उप विजेता टीम के कप्तान निकेश पांडेय ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका बीसीसीएल के अधिकारी नवल किशोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस एकादश में बाघमारा थाना के शरद कुमार, ईस्ट बसूरिया प्रभारी उपेंद्र कुमार, रामकनाली ओपी प्रभारी विश्वजीत चेतन, धमाबांध प्रभारी रोहित सिंह, गोंदुडीह कुंदन भारद्वाज, जितेंद्र सिंह आदि थे।

### बस्ताकोला कोल डंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर संयुक्त मोर्चा ने खोला मोर्चा

## बीसीसीएल ने 30 मई तक डीओ एलॉटमेंट कर लोडिंग का काम शुरू नहीं कराया तो पूरे आउटसोर्सिंग का कार्य करेंगे ठप : आरके पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** बीसीसीएल के बस्ताकोला कोल डंप में डीओ ट्रक लोडिंग चालू करने को लेकर रविवार को संयुक्त मोर्चा की ओर से चांदमारी मांझी बस्ती में प्रेस वार्ता की गयी। अपने संबोधन में जमसं (बच्चा गुट) के आरके पाठक व युवा बेरोजगार मंच के गुड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि बस्ताकोला कोल डंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने के लिए कई बार एलॉटमेंट बना। पर यहां प्रबंधन की साजिश के चलते ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू नहीं हो सका। जिससे यहां के असंगठित मजदूरों में मायुसी है। कहा कि यहां ट्रक लोडिंग शुरू होने से सैकड़ों असंगठित मजदूरों को रोजगार मिल सकेगा। मोर्चा के नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रबंधन 30 मई तक डीओ एलॉटमेंट कर लोडिंग कार्य शुरू नहीं करता तो पूरे आउटसोर्सिंग और ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप कर दिया जाएगा। वहीं बिनोद सिंह ने कहा कि कार्य चालू करने पर सभी युनियन ने सहमति जता दी है। जब आउटसोर्सिंग खुला था तब प्रबंधन से तय हुआ था कि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। आउटसोर्सिंग के साथ ट्रक लोडिंग में भी स्थानीय मजदूरों को कार्य मिलेगा। पर तीन साल बीतने को है। अब तक ट्रक लोडिंग कार्य शुरू नहीं हो सका। वार्ता में बिनोद सिंह, अमरेंद्र सिंह, बबलू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रवि मिश्रा, रिंकू शर्मा, उमाशंकर चौहान, नितिश पासवान, गौतम पासवान, शंकर सिंह और नवल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### संयुक्त मोर्चा से अलग दिखे जमसं और जश्रसं

लोडिंग को लेकर मांझी बस्ती मे संयुक्त मोर्चा की पत्रकार वार्ता में जमसं-जश्रसं की ओर से एक भी प्रतिनिधि नहीं दिखा। जिससे कयास लगाए जा रहे कि इस मोर्चा से दोनों यूनियन अलग है।

### संयुक्त मोर्चा के आपसी विवाद में नही शुरू हो सका ट्रक लोडिंग कार्य : पीओ

इस संबंध में बस्ताकोला कोलियरी के पीओ आर के शर्मा ने बताया कि उन्होंने यहां ट्रक लोडिंग को लेकर कई बार डीओ अलाटमेंट किया, लेकिन संयुक्त मोर्चा के आपसी विवाद के कारण ट्रक लोडिंग शुरू नहीं हो सका। अगर संयुक्त मोर्चा आपस में समझौता कर पत्र दे तो मैं डीओ आफर भेजूंगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एमजीएम में 10 दिवसीय समर कैंप की शुरुआत



बोकारो (आजाद सिपाही)। एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का आगाज हुआ। इस कैंप में एमजीएम स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। कैंप में जूडो, बास्केटबॉल, फुटबॉल, गतका जैसे खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर पब्लिक स्पीकिंग, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, पॉटरी मेकिंग एवं जर्मन लैंग्वेज जैसे एक्टिविटी से बच्चों को जोड़ा गया है। इस कैंप में कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चे शामिल हुए। प्राचार्य फादर रेजीसी वर्गीय ने कैंप के उद्घाटन भाषण में बच्चों को खेलकूद जैसे तरह-तरह के क्रियाकलापों से जुड़ने की सलाह दी और गर्मियों में बच्चों को अपने खाली समय का सदुपयोग कैसे करें उसके बारे में बताया। कैंप को सफल बनाने में प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह, सौरभ कुमार, संजय पार्थ और नेहा सहगल सराहनीय भूमिका रही।

### बरोरा में ड्यूटी से घर लौट रहे बीसीसीएल कर्मी से मारपीट कर नकदी और बाइक की हुई लूट



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के बेनीडीह भूमिगत खदान में टीआर ट्रामर के पद पर कार्यरत मजदूर सुधीर मांझी के साथ मारपीट और लूटपाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक सुधीर शनिवार की देर रात ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौट रहे थे, तभी अपराधियों ने उन्हें दबोच लिया। मारपीट कर घायल करने के बाद नकद 2800 रुपया और बाइक लूटकर फरार हो गये। सुधीर के हाथ-पैर में गंभीर चोट लगी है। फिलहाल बीसीसीएल डुमरा रीजनल अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, सूचना पाकर बाघमारा पुलिस अस्पताल पहुंची। घटना स्थल बरोरा थाना क्षेत्र में होने के कारण बाघमारा पुलिस छानबीन करने के बाद वापस लौट गयी। सुधीर मांझी बोकारो के नवाडीह थाना क्षेत्र के कंचनपुर का निवासी है। उसने पुलिस को बताया कि रात 12.15 बजे ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर के लिए निकला। कुछ दूरी पर पहले से घात लगाये हथियार से लैस छह अपराधियों ने अचानक पीठ पर वार कर दिया जिससे असंतुलित होकर बाइक से गिर गया। इसके बाद लाठी-डंडे से बुरी तरह पीटा। इसके बाद पैसे और बाइक लूटकर सभी डुमरा की ओर भाग गये। किसी तरह घटना की जानकारी उसने सिफ्ट इंचार्ज को दिया। उसने तुरंत एंबुलेंस मांगकर इलाज के लिए डुमरा अस्पताल भेजा। उधर, खबर पाकर बरोरा पुलिस भी अस्पताल पहुंच गयी। घायल सुधीर से पूछताछ किया और घटनास्थल पर जाकर छानबीन की। घटना को लेकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, घटना को लेकर मजदूरों में दहशत है। मजदूरों का कहना है कि खदान से लगभग 500 मीटर की दूरी तक एकदम सुनसान रहता है। इस रास्ते पर एक भी सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी नहीं रहती है। जिसके कारण आये दिन इस तरह की घटना मजदूरों के साथ घट रही है।

### ब्रह्मबाबा मंदिर प्रांगण में अवैध शेड निर्माण, ग्रामीणों ने महुदा थाने में दर्ज की शिकायत

महुदा (आजाद सिपाही)। पदुगोड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर ब्रहमबाबा मंदिर के पंडित सोनू पांडेय एवं संजय पांडेय पर मंदिर प्रांगण में अवैध शेड निर्माण करने और मना करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। मंदिर के संरक्षक रामा महतो ने बताया कि बजरंग बली मंदिर के पुजारी संजय और सोनू पांडेय द्वारा मंदिर के पिछे अवैध रूप से घर का निर्माण किया जा रहा है। यह जमीन पदुगोड़ा सोलहआना समिति का है और मंदिर परिसर के लिए दिया हुआ है। संजय पाण्डेय द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर घर बनाया जा रहा है। जब हम ग्रामीण मना करने गये तो हमलोगों के साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट पर उतारू हो गये। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से अवैध निर्माण कार्य रोकने एवं संजय पाण्डेय एवं सोनू पाण्डेय पर कानूनी कारवाई की मांग किया है। वहीं, संजय पाण्डेय ने बताया कि वे लोग यहां वर्षों से रह रहे है। कोई अवैध निर्माण नहीं कर रहे है। ग्रामीण झुठे आरोप लगा रहे हैं। दूसरी ओर, थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो ने कहा कि संजय पाण्डेय को अवैध निर्माण कार्य रोकने को कहा गया है। अगर नहीं मानते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अनियमित बिजली और ठप पीट वाटर की समस्या से लोगों ने सांसद को अवगत कराया



धनसार (आजाद सिपाही)। धनसार नई दिल्ली क्षेत्र में ठप पीट वाटर आपूर्ति और अनियमित बिजली आपूर्ति से नाराज धनसार के दर्जनों लोगों ने रविवार को सांसद पीएन सिंह से उनके धनसार स्थित आवास जाकर मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया। इसके बाद त्वरित संज्ञान लेते हुए सांसद ने कुसुंडा महाप्रबंधक वीके गोयल से फोन पर बात की। उन्हें खरी खोटी सुनाते हुए अविलंब क्षेत्र में जलापूर्ति करने को कहा। इस पर महाप्रबंधक ने समरसेबुल पंप बनने तक फिलहाल टैंकर से पानी आपूर्ति करने की बात कही। सांसद ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर सोमवार को कोयला भवन मुख्यालय में होने वाले बैठक के दौरान सीएमडी के समक्ष उठाया जाएगा। इधर युवा बेरोजगार मंच के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर प्रबंधन जल्द पीटवाटर जलापूर्ति शुरू नहीं किया तो विश्वकर्मा परियोजना का उत्पादन व डिस्पैच कार्य को ठप कर दिया जाएगा। गुड्डू सिंह ने सांसद को अवगत कराया कि धनसार बंद चानक से समरसेबुल पंप से पानी निकासी कर के पोखरिया में गिराया जाता है। इसके बाद पोखरिया में जमा पानी को धनसार नई दिल्ली,हरिपुर धौड़ा, केंटीन साइड, महावीर स्थान, ब्राइट कुसुंडा एवं झा कालोनी के आठ हजार आबादी वाले क्षेत्र में पाइपलाइन के जरीए जलापूर्ति की जाती है। एक माह पूर्व ही इस चानक का समरसेबुल पंप खराब हो गया और पोखरिया सुख गया है। जिस कारण इलाके में भीषण जलसंकट उत्पन्न हो गया। पीने का पानी भी एक दो गैलेन मिल पा रहा है। इस बाबत कई बार कुसुंडा महाप्रबंधक से बात की। जहां महाप्रबंधक ने जल्द समरसेबुल पंप मरम्मत कराने का आश्वासन देता रहा मगर कार्य नहीं हुआ। इस मौके पर पप्पू राजभर, सुभाष हाड़ी, रामवृक्ष पासी, रमेश बाउरी, कमलेश चौहान, योगेश प्रसाद, दीपक दास, बालेश्वर चौहान आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मदनाडीह के पास शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में घायल बिनोद पासवान की एसएनएमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस खबर से मदनाडीह में मातम पसर गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव मदनाडीह स्थित उसके आवास पर पहुंचा कि स्वजन दहाड़े मार मार कर रोने लगे।

## सीबीएसइ 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

# किट इंटरनेशनल स्कूल, केइएम और किस दिल्ली के छात्रों ने बनाया रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएस) द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम प्रकाश पाया है। इसमें भुवनेश्वर के किट इंटरनेशनल स्कूल, कलराबांक के स्मार्ट विलेज स्थित कीलिंग इंग्लिश मीडियम स्कूल (केइएम) और शहरी गरीब बच्चों के लिए दिल्ली में स्थापित किस-दिल्ली के छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सभी विद्यालयों में सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में शत-प्रतिशत उत्तीर्ण किया है।

किट इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा स्नेहा नायक ने आर्ट्स में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर ओड़िशा टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। किट एंड किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने सफल छात्रों को बधाई देने और प्रोत्साहित करने के लिए कीट इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया और मिठाइयां बांटी।

किट इंटरनेशनल स्कूल, केइएम और किस-दिल्ली जैसे तीन सीबीएसइ स्कूलों के संस्थापक अच्युत सामंत ने स्कूल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि किट इंटरनेशनल स्कूल सही अर्थों में एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल है और यह सबसे अच्छे स्कूलों में से एक है। पूरे भारत में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय स्कूल। इस स्कूल की स्थापना के बाद से यहां के छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कटक जिले के ग्रामीण बच्चों के लिए कलराबांक के स्मार्ट विलेज में श्री सामंत द्वारा स्थापित कीलिंग इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने भी सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। श्री सामंत ने कहा कि यहां हर साल की तरह इस साल भी विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। स्कूल ने लगातार तीसरे साल 10वीं और 12वीं दोनों में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। श्री सामंत ने खुशी व्यक्त करते हुए तीनों सीबीएसइ स्कूलों के छात्रों को बधाई दी और सभी अध्यक्ष-शिक्षकों को बधाई दी।

# खोरधा रोड मंडल के डे एंड नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इसीओआरएसए), खोरधा रोड द्वारा आयोजित इंटर डिपार्टमेंटल डे एंड नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन खोरधा रोड रेलवे स्टेडियम में किया गया। यह टूर्नामेंट 19 मई तक चलेगा। टूर्नामेंट में खोरधा रोड मंडल के 12 विभागों के रेल कर्मचारी भाग लेंगे। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड और सुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड ने अंतर विभागीय डे एंड नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा हिमाद्री भूषण बिस्वाल, खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधा रोड भी उपस्थिति थे। रिंकेश रॉय ने भाग लेने वाली टीमों को शुभकामनाएं दीं और सभी से खेल की भावना बनाए रखने और एकजुटता सीखने की सलाह दी।

रिंकेश रॉय ने रेलवे स्टेडियम में स्थायी फ्लड लाइट सिस्टम का भी उद्घाटन किया। अब रेलवे स्टेडियम को छह हाईमास्ट सहित 1000 वाट की 54 एलइडी लाइटों को स्थापित किया गया है। उद्घाटन के दिन पहला मैच, वाणिज्य एवं वित्त विभाग के बीच तथा दूसरा मैच यांत्रिक एवं मेडिकल विभाग के बीच खेला जायेगा। सभी विभागों के बीच कुल 12 लीग मैच कराये जायेंगे। फाइनल मैच 19 मई 2023 को खेला जायेगा। खेल सचिव मोहम्मद जाकिरुद्दीन और खोरधा रोड खेल एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा टूर्नामेंट का समन्वय किया जा रहा है।

# जी20 संस्कृति कार्यसमूह की दूसरी बैठक शुरू

**जी किशन रेड्डी और नवीन पटनायक 15 मई को 'सस्टेनः द क्राफ्ट इडियॉम' नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे**

**दूसरी सीडब्ल्यूजी बैठक को मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक से दिशा और गति मिलेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक 14 से 17 मई तक भुवनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जी20 के सदस्य देशों, अतिथि राष्ट्रों और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक ठोस, कार्रवाई उन्मुख सिफारिशों की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने के क्रम में संस्कृति क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करती है।

दूसरी सीडब्ल्यूजी बैठक को मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक से दिशा और गति मिलेगी। पहली बैठक के बाद पिछले दो महीनों में वैश्विक विषयगत वेबिनार आयोजित किये गये थे, जिनका संचालन विशेषज्ञों द्वारा किया गया था।

पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक द्वारा 14 मई को ओड़िशा के पुरी बीच पर एक उत्कृष्ट रेत कला प्रदर्शनी बनायी जा रही है। प्रदर्शनी का विषय है - 'संस्कृति सभी को एकसूत्र से जोड़ती है। इसका उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी तथा केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। जी20 संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक के एक भाग के रूप में, ओड़िशा के भुवनेश्वर में कला भूमि - ओड़िशा शिल्प संग्रहालय में 'सस्टेनः द क्राफ्ट इडिओम' नामक एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी का विषय संस्कृति कार्य समूह द्वारा उल्लिखित दूसरी प्राथमिकता - 'सतत भविष्य के लिए जीवित विरासत का उपयोग' पर केंद्रित है। ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी; केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय 15 मई को प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी 16 से 22 मई, 2023 तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

# किम्स में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को स्थानीय कीम्स, भुवनेश्वर परिसर में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर कंधमाल सांसद और किट-किस-किम्स के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने अपने संदेश में यह कहा कि मां का प्यार और ममता बच्चों के जीवन का प्रवाह है। एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर देती है और इसके बदले में बच्चे को पृथ्वी पर सबसे महान बनाती है। मनाये गये अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस के अवसर पर प्रो सामंत ने कीम्स परिसर में 'माई मदर माई हीरो' की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद अपने जीवन में अपनी मां के प्रभाव और महत्व के बारे में बताया और अपनी स्वर्गीय मां नीलिमारानी को याद किया। प्रो सामंत को एक सफल और असाधारण व्यक्ति बनाने के लिए मां नीलिमारानी ने अपने जीवन को समर्पित कर दिया। प्रोफेसर सामंत ने खेद व्यक्त किया कि वे अपने जीवन के 25 साल के लंबे संघर्ष के दौरान वे अपनी मां को पर्याप्त समय नहीं दे पाए। उन्होंने सभी को अपने मां का खयाल रखने को कहा। इस मौके पर प्रो सामंत ने बताया कि अपनी मां की स्मृति उनके द्वारा लिखित 'माई मदर माई हीरो' पुस्तक है, जो आज पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय है। रविवार को अयोजित इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं में कीट यूनिवर्सिटी के प्रति कुलपति प्रो सीबीके मोहंती, किम्स मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो अंबिका प्रसाद मोहंती, किम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ रामचंद्र दास सहित कई डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## सोआ परिवार ने स्व. देवी प्रसाद राय को दी श्रद्धांजलि



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सोआ के कुलाधीपति स्व प्रो देवी प्रसाद राय की स्मृति में शुक्रवार को एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोआ परिवार की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी है। इस अवसर पर सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक और उपाध्यक्ष शाश्वती दास ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि पिछले 29 अप्रैल को प्रो रॉय का चिकित्साधीनों के तहत निधन हो गया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य, अकादमिक और अनुसंधान परिवार और कई प्रोफेसर, वरिष्ठ अधिकारी और ओयूएटी के कर्मचारी उपस्थित थे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदिप्त कुमार नंद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बांगीरीपोशी-भुवनेश्वर-बांगीरीपोशी एक्सप्रेस का पुरी तक हुआ विस्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्रालय ने 15 मई से बांगीरीपोशी-भुवनेश्वर-बांगीरीपोशी एक्सप्रेस को पुरी तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। 12892 पुरी-बांगीरीपोशी एक्सप्रेस पुरी से शाम 4.20 बजे रवाना होकर रात 11.05 बजे बांगीरीपोशी पहुंचेगी। वापसी मार्ग पर 12891 बांगीरीपोशी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस सुबह 4.20 बजे बांगीरीपोशी से रवाना होगी और 11.05 बजे पुरी पहुंचेगी। भुवनेश्वर और पुरी के बीच विस्तारित मार्ग पर, ट्रेन खुर्दा रोड, साखीगोपाल स्टेशनों पर रुकेगी। भुवनेश्वर और बांगीरीपोशी के बीच इस ट्रेन के समय और निर्धारित स्टॉप दोनों दिशाओं में अपरिवर्तित रहेंगे।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**